दृष्टि The Vision

डेली करेंट क्विज़

(संग्रह)

फरवरी भाग-1
2021

दृष्टि, 641, प्रथम तल, डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009
फोन: 8750187501
ई-मेल: online@groupdrishti.com

प्रश्न भाग-1

1. 'फ्यूचर इन्वेस्टमेंट इनिशिएटिव फोरम' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. इसे 'डेज़र्ट इन दावोस' के नाम से भी जाना जाता है।
   2. इसका आयोजन 'वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम' द्वारा किया जाता है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?
   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

2. कोविड -19 प्रदर्शन सूचकांक के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जारी किया गया है।
   2. सूचकांक में न्यूजीलैंड सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला देश है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?
   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

3. हाल ही में समाचारों में देखी गई 'द ग्रेट रीसेट' पहल निम्नलिखित में से किसके द्वारा लॉन्च की गई है?
   A. विश्व आर्थिक मंच
   B. संयुक्त राष्ट्र
   C. विश्व स्वास्थ्य संगठन
   D. विश्व बैंक

4. निम्नलिखित में से कौन-से देश/संगठन पश्चिम एशिया शांति सम्मेलन में भाग लेंगे?
   1. फिलिस्तीन
   2. मिस्र
   3. संयुक्त राष्ट्र
   4. रूस

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:
   A. केवल 1 और 2
   B. केवल 2 और 4
   C. केवल 3 और 4
   D. 1, 2, 3 और 4

5. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. नीलगिरि हाथी कॉरिडोर पश्चिमी और पूर्वी घाट को जोड़ने वाले पठार पर स्थित है।
   2. नीलगिरि बायोस्फीयर रिज़र्व के भीतर कावेरी नदी की कुछ सहायक नदियों का जलग्रहण क्षेत्र है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

6. भारत के आर्थिक सर्वेक्षण के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह वित्तीय सेवा विभाग द्वारा जारी किया जाने वाला एक वार्षिक दस्तावेज है।
   2. इसे केंद्रीय बजट के साथ प्रस्तुत किया जाता है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?
   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

7. पेरियार बाघ अभयारण्य के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह पश्चिमी घाट के दक्षिणी क्षेत्र में अवस्थित है।
   2. इस अभयारण्य में लॉयन टेल्ड मकाक, नीलगिरि तहर और ग्रेट मालाबार हॉर्नबिल पाए जाते हैं।
   3. यह अभयारण्य तीन जनजातीय समूहों जैसे-गोंड, मारती और नाइकडा का निवास स्थान है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   A. केवल 1 और 2
   B. केवल 2
   C. केवल 3
   D. 1, 2 और 3

8. 'लिटिल अंडमान आईलैंड' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह क्षेत्र में अपने मुख्य गाँव के नाम से प्रसिद्ध है जो की इसकी सबसे बड़ी बस्ती-हुत खाड़ी (Hut Bay) है।
   2. इसे ओंगे जनजाति का निवास स्थान माना जाता है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

9. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन अधिनियम 2021 तक राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 3% तक सीमित करने का लक्ष्य निर्धारित करता है।
   2. केंद्र और राज्यों के लिये राजकोषीय समेकन का रोडमैप बनाने के लिये एन.के. सिंह समिति का गठन किया गया था।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

10. बुनियादी आवश्यकता सूचकांक (BNI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. BNI सूचकांक केवल ग्रामीण भारत के लिये तैयार किया जाता है।
    2. देश के सभी राज्यों में वर्ष 2012 की तुलना में वर्ष 2018 में बुनियादी आवश्यकताओं में सुधार हुआ है।
    3. यह सूचकांक भारत में पेयजल, स्वच्छता, सफाई एवं आवास स्थिति के संदर्भ में राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा किये गए सर्वेक्षण के आँकड़ों का उपयोग करके तैयार किया जाता है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. केवल 1, 2 और 3

11. बांध पुनर्वास और सुधार परियोजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसके प्रमुख उद्देश्यों में से एक बाँधों के स्थायी संचालन और रख-रखाव हेतु आकस्मिक राजस्व उत्पन्न करना है।
2. इस परियोजना को विश्व बैंक और एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक (AIIB) द्वारा वित्त पोषित किया जा रहा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

12. हॉन्गकॉन्ग के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. हॉन्गकॉन्ग 'एक देश, दो प्रणाली' के सिद्धांत द्वारा शासित है।
2. यह पूर्व में एक ब्रिटिश उपनिवेश था, लेकिन वर्ष 1997 में मुख्य भूमि चीन को सौंप दी गई थी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

13. विदेशी योगदान (विनियम) अधिनियम के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. FCRA अधिनियम, 2010 को वित्त मंत्रालय द्वारा लागू किया गया था।
2. यह संबद्ध मंत्रालय की अनुमति के बिना विदेशी योगदान स्वीकार करने की असीमित स्वतंत्रता देता है।
3. FCRA (संशोधन) अधिनियम, 2020 सार्वजनिक कर्मचारियों को विदेशी योगदान प्राप्त करने की अनुमति देता है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

14. 'एजिंग वॉटर इंफ्रास्ट्रक्चर: एन इमर्जिंग ग्लोबल रिस्क' नामक रिपोर्ट किस संस्थान द्वारा जारी की गई है?

A. विश्व बैंक
B. संयुक्त राष्ट्र
C. यूनेस्को
D. विश्व आर्थिक मंच

15. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 18 वीं शताब्दी के मराठा परिसंघ में गायकवाड़ राजवंश एक अग्रणी शक्ति बन गया था।
2. गायकवाड़ वंश का क्षेत्राधिकार सौराष्ट्र के कुछ हिस्सों, उत्तरी गुजरात के मेहसाणा और दक्षिण गुजरात के बिलिमोरा तक फैला हुआ था।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

16. बजट के संवैधानिक प्रावधानों से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अनुच्छेद 112, केंद्रीय बजट को वार्षिक वित्तीय विवरण (AFS) के रूप में संदर्भित करता है।
2. स्वतंत्र भारत का पहला बजट वर्ष 1950 में प्रस्तुत किया गया था।
3. एक बजट तीन चरणों से होकर गुज़रता है जिसमें बजट की प्रस्तुति, इसकी जाँच और वित्त विधेयक शामिल हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/ है ?

A. केवल 1और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. केवल 3

17. 15वें वित्त आयोग द्वारा संसाधन आवंटन को लेकर की गई सिफारिशों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. आयोग ने केंद्र और राज्यों के बीच 50:50 के अनुपात में वर्टिकल हिस्सेदारी को बनाए रखने की सिफारिश की है।
2. राजस्व संसाधनों की हॉरिजेंटल हिस्सेदारी में 'आय के अंतर' मापदंड को सबसे अधिक भार दिया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/है ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

18. समर्पित माल ढुलाई गलियारा या डेडिकेटिड फ्रेट कोरिडोर (DFC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

1. यह केवल वस्तुओं और माल परिवहन के लिये समर्पित एक उच्च गति-उच्च क्षमता वाला रेलवे कॉरिडोर है।
2. केंद्रीय बजट 2021 के तहत पश्चिमी समर्पित माल ढुलाई गलियारे (DFC) और पूर्वी DFC को वर्ष 2022 तक चालू करने का प्रस्ताव रखा गया है

उपर्युक्त कथनों में से कौन- सा/से सही है/ है ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

19. हाल ही में लॉन्च की गई मित्रा योजना का संबंध निम्नलिखित में से किससे है ?

A. वस्त्र क्षेत्र
B. शिक्षा क्षेत्र
C. इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण क्षेत्र
D. नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र

20. 15वें वित्त आयोग की रिपोर्ट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. केंद्र और राज्यों दोनों के वित्तीय घाटे और ऋण संबंधी आवश्यकताओं पर सिफारिशें प्रदान की गई हैं
2. इसमें वित्तीय वर्ष 2021-22 में केंद्र के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) के 4 प्रतिशत तक राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को निर्धारित किया।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/है?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

21. म्याँमार के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. म्याँमार, भारत, चीन, बांग्लादेश और थाईलैंड के साथ अपनी सीमा साझा करता है।
2. कलादान भारत द्वारा सहायता प्राप्त म्यांमार का एक मल्टी-मॉडल ट्रांज़िट ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/है?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

22. फिशिंग कैट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. फिशिंग कैट निशाचर (रात में सक्रिय) जीव है और मछली के अलावा मेंढक, क्रस्टेशियन, साँप, पक्षी और बड़े जानवरों के शवों का मांस खाना पसंद करती है।
2. यह मुख्य रूप से पश्चिमी घाट के निकट पाई जाती हैं।
3. IUCN रेड लिस्ट में फिशिंग कैट को सुभेद्य से लुप्तप्राय प्रजातियों की सूची में स्थानांतरित कर दिया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/ है?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

23. परिसंपत्ति पुनर्निमाण कंपनी (ARC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक विशेष वित्तीय संस्थान है जो बैंकों और वित्तीय संस्थानों से 'नॉन परफॉर्मिंग एसेट्स' (NPAs) को खरीदता है।
2. सरफेसी अधिनियम, 2002 भारत में ARCs की स्थापना के लिये कानूनी आधार प्रदान करता है।
3. सरकार के इक्विटी योगदान के साथ परिसंपत्ति पुनर्निर्माण कंपनी स्थापित करने का प्रस्ताव किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं??

A. केवल 1
B. केवल 3
C. केवल 1 और 2
D. 1, 2 और 3

24. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. रामसर कन्वेंशन आर्द्रभूमियों तथा उनके संसाधनों के संरक्षण और उनके बुद्धिमत्तापूर्ण उपयोग हेतु रूपरेखा प्रदान करता है।
2. चिल्का झील भारत की एकमात्र आर्द्रभूमि है जो मॉन्ट्रो रिकॉर्ड में सूचीबद्ध है।
3. भारत के कुल भू-क्षेत्र का 10% से अधिक भू-भाग आर्द्रभूमि के रूप में है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

नोट :

25. जल जीवन मिशन (शहरी) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह संयुक्त राष्ट्र सतत् विकास लक्ष्य- 5 को प्राप्त करने के प्रयासों में पूरक का कार्य करता है।
2. इसका उद्देश्य जल की चक्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/है?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

26. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. पंडित भीमसेन जोशी को वर्ष 2008 में भारत रत्न प्रदान किया गया था।
2. पंडित भीमसेन जोशी कर्नाटक संगीत के स्कूल से संबंधित थे।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

27. चौरी चौरा कांड निम्नलिखित में से किस राष्ट्रीय आंदोलन से संबंधित था?

A. असहयोग आंदोलन
B. स्वदेशी आंदोलन
C. भारत छोड़ो आंदोलन
D. सविनय अवज्ञा आंदोलन

28. प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे केवल सबसे पिछड़े ज़िलों में एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट्स प्रोग्राम (ADP) के तहत लागू किया जा रहा है।
2. यह संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित सतत् विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के लक्ष्य 3.1 का अनुपालन सुनिश्चित करती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

29. उपभोक्ता कल्याण कोष के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (CGST) अधिनियम, 2017 के तहत स्थापित किया गया था।
2. इस कोष का संचालन वित्त मंत्रालय द्वारा किया जाएगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

30. अपराध और आपराधिक ट्रैकिंग नेटवर्क और सिस्टम (CCTNS) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. यह गृह मंत्रालय के राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्लान के तहत स्थापित एक मिशन मोड प्रोजेक्ट है।
    2. इसका लक्ष्य पुलिस कार्यालयों की कार्यवाहियों को नागरिक अनुकूल और अधिक पारदर्शी बनाना है।

    उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2 दोनों
    D. न तो 1 और न ही 2

31. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. रोहिणी आयोग का गठन अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के उप-वर्गीकरण पर अपनी रिपोर्ट देने के लिये किया गया था।
    2. अनुच्छेद 340 पिछड़े वर्गों की स्थितियों की जाँच हेतु एक आयोग के गठन से संबंधित है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2 दोनों
    D. न तो 1 और न ही 2

32. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. स्क्वायर किलोमीटर एरे ऑब्ज़र्वेटरी (SKAO) रेडियो खगोल विज्ञान हेतु समर्पित एक अंतर सरकारी संगठन है।
    2. भारत SKAO का सदस्य नहीं है।
    3. SKAO का मुख्यालय यूनाइटेड किंगडम (यू.के) में स्थित है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
    A. केवल 1 और 2
    B. केवल 3
    C. केवल 1और 3
    D. 1, 2 और 3

33. उन्नत मध्यम युद्धक विमान के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. यह पाँचवीं पीढ़ी का विमान है जिसे गुप्त ऑपरेशनों के संचालन हेतु बनाया गया है।
    2. यह भारत की पहली दोहरे इंजनों वाली विमान परियोजना होगी।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2
    D. न तो 1 और न ही 2

34. गोबर-धन योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. इसे नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया है।
    2. योजना का क्रियान्वयन स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण तथा शहरी) के एक हिस्से के रूप में किया जाता है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2 दोनों
    D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

35. सरकारी प्रतिभूतियों (G-secs) के विषय में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. सरकारी प्रतिभूतियों को केवल केंद्र सरकार द्वारा जारी किया जा सकता है।
2. केंद्र सरकार राजकोषीय बिल और बॉण्ड दोनों जारी कर सकती है जबकि राज्य सरकारें केवल बॉण्ड जारी कर सकती हैं।
3. सरकारी प्रतिभूतियाँ जोखिम रहित श्रेष्ठ प्रतिभूति साधन हैं।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 2
D. 1, 2 और 3

36. नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल है।
2. यह राष्ट्रीय उद्यान भागीरथी और मंदाकिनी नदियों द्वारा सिंचित है।
3. हिम तेंदुआ तथा कस्तूरी मृग इस राष्ट्रीय उद्यान के प्राणी जगत में शामिल हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

37. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

1. हाइड्रोजन ईंधन सेल के दहन में ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन नहीं होता है।
2. सल्फर-आयोडीन (एसआई) थर्मोकेमिकल चक्र हाइड्रोजन ईंधन प्राप्त करने हेतु जल को विभाजित करने की एक विधि है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

38. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. धौलीगंगा का उद्गम उत्तराखंड में वसुधारा ताल नामक हिमनद झील होता है।
2. देवप्रयाग में धौलीगंगा, अलकनंदा नदी से मिलती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

39. भारतीय निर्वाचन आयोग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय चुनाव आयोग (ECI) राजनीतिक दलों को मान्यता देने के साथ उन्हें चुनाव चिन्ह आवंटित करता है।
2. चुनाव आयोग को संसद और राज्य विधानसभाओं के सदस्यों के चुनाव के बाद अयोग्य ठहराए जाने के मामले में सलाहकारी शक्तियाँ प्राप्त हैं।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

40. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. वंशधारा नदी महानदी की एक सहायक नदी है।
2. बैतरणी नदी का उद्गम छत्तीसगढ़ में है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

41. कुरुबा समुदाय के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह कर्नाटक का एक पारंपरिक भेड़ पालक समुदाय है।
2. कुरुबा समुदाय को 'विशेष रूप से कमज़ोर जनजातीय समूह' (PVTG) की सूची में शामिल किया गया है।
3. लिंगायत के बाद कुरुबा कर्नाटक का दूसरा सबसे बड़ा जातीय समूह है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

42. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. किरण हेल्पलाइन का उद्देश्य मानसिक रोग से पीड़ित लोगों को राहत और सहायता प्रदान करना है।
2. मनोदर्पण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की एक पहल है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

43. हंटर सिंड्रोम के संदर्भ में निम्नलिखित कथानों पर विचार कीजिये:

1. हंटर सिंड्रोम, जीं उत्परिवर्तन के कारण होता है।
2. इसके कारण लाइसोसोमल भंडारण विकार उत्पन्न होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

44. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत को चार भूकंपीय ज़ोनों में विभाजित किया गया है।
2. भूकंप की तीव्रता परिमाण पैमाने पर मापी गई है।
3. BIS भूकंपीय खतरे के नक्शे (Hazard Maps) और कोड प्रकाशित करने के लिये आधिकारिक एजेंसी है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

45. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यूक्रेन पूर्व में सोवियत संघ का गणराज्य था।
2. यूक्रेन की सीमा अज़ोव सागर और दक्षिण में काला सागर से लगती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

46. 'संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. परिषद के सदस्य लगातार दो कार्यकालों की सेवा के बाद पुन: चुनाव के लिये पात्र नहीं हैं।
2. इसके कुछ सदस्यों को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा नामित किया जाता है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. दोनों 1 और 2
D. न तो 1 और न ही 2

47. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अर्क शुभ भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान (IIHR) द्वारा विकसित गेहूँ की एक नई किस्म है।
2. अर्क शुभ में कैरोटीन की मात्रा सभी पादप स्रोतों में सबसे अधिक है।
3. कैरोटीन कैरोटीनॉयड वर्णक है जो ऑक्सीजन रहित होते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

48. दक्षिण चीन सागर के संबंध में निम्नलिखित कथन पर विचार कीजिये:

1. यह पूर्वी चीन सागर से ताइवान जलसंधि द्वारा और फिलीपीन सागर से लूज़ॉन जलसंधि द्वारा जुड़ा हुआ है।
2. स्प्रैटली द्वीप समूह पर केवल चीन और फिलीपींस द्वारा दावा किया जाता है।

नोट :

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

49. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वायनाड वन्यजीव अभयारण्य नीलगिरी बायोस्फीयर रिज़र्व का एक अभिन्न हिस्सा है।
2. कावेरी नदी वायनाड वन्यजीव अभयारण्य से होकर बहती है।
3. नीलगिरी बायोस्फीयर रिज़र्व यूनेस्को के विश्व नेटवर्क ऑफ बायोस्फीयर रिज़र्व में शामिल है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

50. निम्नलिखित में से किन देशों की सीमा बाल्टिक सागर से लगी हुई है?

1. रूस
2. पोलैंड
3. जर्मनी
4. नॉर्वे

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3 और 4
D. केवल 1, 2, और 3

51. हिंदू-कुश हिमालय (HKH) क्षेत्र के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह क्षेत्र अफगानिस्तान, भूटान, चीन, भारत, किर्गिस्तान, मंगोलिया, ताज़िकिस्तान और उज्बेकिस्तान में फैला हुआ है।
2. यह ध्रुवीय क्षेत्रों (उत्तर और दक्षिणी ध्रुव) के बाहर विश्व का सबसे बड़ा बर्फ भंडारण क्षेत्र है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

52. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. गगनयान अंतरिक्ष में भारत का पहला मानव मिशन होगा।
2. गगनयान को ध्रुवीय प्रमोचन वाहन (PSLV) द्वारा लॉन्च किया जाएगा।
3. अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी भागीदारी को बढ़ावा देने के लिये IN-SPACe की स्थापना की जाएगी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

नोट :

53. निम्नलिखित में से कौन-सी समिति/समितियाँ बैंकिंग क्षेत्र में सुधारों से संबंधित है/हैं?

1. नरसिम्हन समिति
2. पी. जे. नायक समिति
3. अभिजीत सेन समिति

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

54. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अनुच्छेद 87 में भारत के राष्ट्रपति के लिये विशेष संबोधन का प्रावधान किया गया है।
2. राष्ट्रपति का अभिभाषण सरकार की नीति का विवरण होता है।
3. राष्ट्रपति का अभिभाषण प्रत्येक वर्ष संसद के पहले सत्र के प्रारंभ में आयोजित किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

55. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा भारत पर कच्चे तेल की कीमत में वृद्धि के प्रभाव के संबंध में सही है/हैं?

1. तेल की कीमतों में वृद्धि इसके चालू खाते के घाटे को प्रभावित कर सकती है।
2. भारतीय तेल और गैस कंपनियों के मूल्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।
3. फारस की खाड़ी से प्रेषण कम हो सकता है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 2
D. 1, 2 और 3

56. लैंसेट काउंटडाउन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक अंतर्राष्ट्रीय दस्तावेज़ है जो जलवायु परिवर्तन के बढ़ते स्वास्थ्य प्रोफाइल की निगरानी हेतु समर्पित है।
2. इसे द्विवार्षिक आधार पर प्रकाशित किया जाता है जो क्योटो प्रोटोकॉल के तहत की गई देशों की प्रतिबद्धताओं का आकलन करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. केवल 1 और 2
D. न तो 1 और न ही 2

57. दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसके तहत एसिड अटैक पीड़ितों और मल्टीपल डिसेबिलिटी को विकलांगता की श्रेणी में शामिल किया गया, जो कि पहले के अधिनियम में शामिल नहीं थे।
2. इसके तहत विकलांग लोगों के लिये आरक्षण की मात्रा में बढ़ोतरी की गई।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

58. समुद्री शैवाल के विषय में निम्नलिखित कथनों में से कौन-से कथन सही हैं?

1. समुद्री शैवाल, एल्गी ब्लूम के लिये ज़िम्मेदार अतिरिक्त पोषक तत्त्वों को अवशोषित करते हैं।
2. मन्नार की खाड़ी में समुद्री शैवाल पाए जाते हैं।
3. समुद्री शैवाल समुद्री पारिस्थितिक तंत्र में पाए जाने वाले भारी धातुओं को अवशोषित कर सकते हैं।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 2
D. 1, 2 और 3

59. सक्षम पोर्टल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सक्षम पोर्टल को प्रौद्योगिकी सूचना, पूर्वानुमान और आकलन परिषद (TIFAC) द्वारा शुरू किया गया है।
2. TIFAC एक स्वायत्त संगठन है जिसे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा स्थापित किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. दोनों 1 और 2
D. न तो 1 और न ही 2

60. 'महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर कीजिये:

1. यह अधिकार आधारित ढाँचे के माध्यम से गरीबी जैसे गंभीर विषयों को संबोधित करता है।
2. मनरेगा के तहत मज़दूरी का भुगतान न्यूनतम मज़दूरी अधिनियम, 1948 के अनुरूप किया जाना चाहिये।
3. यह ग्राम सभाओं को उन कार्यों की सिफारिश करने के लिये बाध्य करता है जिन्हें किया जाना शेष है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

61. जगन्नाथ मंदिर के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका निर्माण पूर्वी गंगा राजवंश के शासन के तहत किया गया था।
2. यह चारधाम तीर्थयात्रा का एक हिस्सा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

62. 'विश्व खाद्य सुरक्षा समिति' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह समिति संयुक्त राष्ट्र महासभा को रिपोर्ट करती है।
2. इस समिति का वित्तपोषण केवल 'वर्ल्ड फूड प्रोग्राम' द्वारा किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

63. थोलपावाकुथु के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह केरल की एक पारंपरिक मंदिर कला है।
2. इसका विषय कंब रामायण पर आधारित है।
3. यह एक छाया कठपुतली नाटक है जो आर्य और द्रविड़ संस्कृतियों के एकीकरण का एक अच्छा उदाहरण है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

64. विश्व सतत् विकास शिखर सम्मेलन, 2021 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन का प्रमुख वार्षिक कार्यक्रम है।
2. इसका उद्देश्य सतत् विकास, ऊर्जा और पर्यावरण क्षेत्र से संबंधित वैश्विक नेताओं और विद्वानों को एक साझा मंच उपलब्ध कराना है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

65. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

	राज्य	**छाया कठपुतली**
1.	कर्नाटक	रावनछाया
2.	महाराष्ट्र	चर्मा बहुली नाट्य
3.	तमिलनाडु	थोलू बोम्मलता
4.	ओडिशा	तोगलु गोमेयाता

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सही सुमेलित हैं?

A. केवल 1 और 4
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2, 3 और 4

नोट :

व्याख्या भाग-1

1. उत्तर: (B)

व्याख्या:

- फ्यूचर इन्वेस्टमेंट इनिशिएटिव (FII) को व्यापक रूप से 'डेज़र्ट इन दावोस' (Davos in the Desert) के रूप में वर्णित किया गया है। यह सऊदी अरब का प्रमुख निवेश सम्मेलन है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इस फोरम का अनौपचारिक नाम यानी 'डेज़र्ट इन दावोस', वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (WEF) की वार्षिक बैठक से लिया गया है, जो कि स्विट्ज़रलैंड के दावोस में आयोजित होती है, जहाँ विश्व के प्रमुख नेता अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों से संबंधित अपना एजेंडा तय करते हैं और उन पर चर्चा करते हैं।
- फ्यूचर इन्वेस्टमेंट इनिशिएटिव (FII) की शुरुआत वर्ष 2017 में सऊदी अरब के सार्वजनिक निवेश कोष द्वारा की गई थी, जो कि सऊदी अरब का मुख्य संप्रभु धन कोष है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

2. उत्तर: A

व्याख्या:

- कोविड-19 प्रदर्शन सूचकांक को सिडनी स्थित लोवी संस्थान (Sydney-based Lowy Institute) जो कि एक ऑस्ट्रेलियाई थिंक टैंक है, द्वारा संकलित किया गया है। इस सूचकांक में महामारी के प्रति देशों की प्रतिक्रिया को मापा गया। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इसमें 98 देशों का आकलन किया गया।
  - चीन को अध्ययन में शामिल नहीं किया गया क्योंकि इसकी सभी परीक्षण दर (Testing Rates) सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं हैं।
- कोविड-19 प्रदर्शन सूचकांक में भारत 98 देशों में 86वें स्थान पर रहा।
- सूचकांक में बेहतर प्रदर्शन करने वाले देश: न्यूज़ीलैंड रैंकिंग में शीर्ष पर है। इसके बाद वियतनाम, ताइवान, थाईलैंड और साइप्रस का स्थान है। **अत: कथन 2 सही है।**
- सूचकांक में निम्न प्रदर्शन करने वाले देश: ब्राज़ील सूचकांक में सबसे नीचे रहा। अमेरिका पांचवाँ सबसे खराब प्रदर्शन करने वाला देश था जो 98 में से 94वें स्थान पर रहा।

3. उत्तर: (A)

व्याख्या:

- हाल ही में प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विश्व आर्थिक मंच/वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (WEF) के 'दावोस संवाद' को संबोधित किया।
- दावोस (स्विट्ज़रलैंड) में आयोजित होने वाली वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (WEF) की वार्षिक बैठक में वैश्विक, क्षेत्रीय और उद्योग एजेंडों को आकार देने के लिये दुनिया के शीर्ष नेताओं द्वारा हिस्सा लिया जाता है।
- दावोस संवाद 2021 कोरोना वायरस महामारी की समाप्ति के बाद वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (WEF) की 'द ग्रेट रीसेट' पहल की शुरुआत को चिह्नित करता है। **अत: विकल्प (A) सही है।**
  - यह पहल इस आकलन पर आधारित है कि वर्तमान में विश्व अर्थव्यवस्था गहरे संकट का सामना कर रही है।
  - वैश्विक समाज पर महामारी के विनाशकारी प्रभावों और जलवायु परिवर्तन के परिणामों जैसे विभिन्न कारकों से स्थिति बहुत खराब हो गई है।

नोट :

4. उत्तर: D

व्याख्या:

- हाल ही में रूस ने पश्चिम एशिया शांति सम्मेलन (West Asia Peace Conference) के लिये फिलिस्तीनी प्रस्ताव का समर्थन किया। इस सम्मेलन का उद्देश्य दो-राज्य समाधान पर ध्यान केंद्रित करना है, जिसके तहत इज़राइल के साथ-साथ फिलिस्तीन राज्य भी अस्तित्व में होगा।
- सम्मेलन में भागीदार:
  - 10 प्रतिभागियों में इज़राइल, फिलीस्तीन, पश्चिम एशिया राजनयिक चौकड़ी के चार सदस्य (रूस, संयुक्त राष्ट्र, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ) शामिल होंगे, साथ ही चार अरब राज्य- बहरीन, मिस्र, जॉर्डन और संयुक्त अरब अमीरात शामिल होंगे।
- रूस का सुझाव:
  - रूस ने सुझाव दिया कि पश्चिम एशिया शांति सम्मेलन मंत्री स्तर पर आयोजित किया जा सकता है।
- अन्य संबंधित पहल:
  - इज़राइल, संयुक्त अरब अमीरात और बहरीन के बीच अब्राहम समझौते की मध्यस्थता अमेरिका द्वारा की जाती है। यह 26 वर्षों में पहला अरब-इज़राइल शांति समझौता था।
  - फिलिस्तीन इस समझौते से पड़ने वाले प्रभावों के बारे में चिंतित हैं। **अत: विकल्प D सही है।**

5. उत्तर: C

व्याख्या:

- सर्वोच्च न्यायालय (Supreme Court) ने अक्तूबर 2020 में गठित एक तकनीकी समिति में संरक्षणवादी (Conservationist) की नियुक्ति की है। इस समिति का कार्य तमिलनाडु में अधिकारियों द्वारा नीलगिरि हाथी कॉरिडोर के क्षेत्रफल में मनमाना बदलाव करने और लोगों के घरों को ज़बरदस्ती सील करने के खिलाफ भूस्वामियों की शिकायतों की जाँच करना है।
- नीलगिरि हाथी कॉरिडोर पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील सिगुर पठार (Sigur Plateau) में स्थित है, यह पठार परस्पर पश्चिमी और पूर्वी घाटों से संबद्ध है और हाथियों की आबादी तथा उनकी आनुवंशिक विविधता को बनाए रखने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- नीलगिरि बायोस्फीयर रिज़र्व पश्चिमी घाट में स्थित है और यह तीन राज्यों (तमिलनाडु, केरल तथा कर्नाटक) में फैला हुआ है।
- रिज़र्व क्षेत्र में कावेरी नदी की कई प्रमुख सहायक नदियों जैसे- भवानी, मोयार, काबिनी साथ ही चालियार, पुनमपुझा आदि का उद्गम स्रोत और जलग्रहण क्षेत्र है। **अत: कथन 2 सही है।**

6. उत्तर: C

व्याख्या:

- भारत का आर्थिक सर्वेक्षण भारत सरकार के वित्त मंत्रालय द्वारा जारी एक वार्षिक दस्तावेज़ है।
  - आर्थिक सर्वेक्षण दस्तावेज़ मुख्य आर्थिक सलाहकार के मार्गदर्शन में आर्थिक मामलों के विभाग द्वारा तैयार किया जाता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- इसमें भारत की अर्थव्यवस्था से संबंधित आधिकारिक और अद्यतन डेटा स्रोत को शामिल किया जाता है।
  - यह सरकार द्वारा पिछले एक वर्ष में अर्थव्यवस्था की स्थिति पर प्रस्तुत एक रिपोर्ट है जो कि अर्थव्यवस्था की प्रमुख चुनौतियों और उनके संभावित समाधानों को प्रस्तुत करती है।
  - यह आमतौर पर संसद में केंद्रीय बजट पेश किये जाने से एक दिन पहले प्रस्तुत किया जाता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - भारत में पहला आर्थिक सर्वेक्षण वर्ष 1950-51 में प्रस्तुत किया गया था। वर्ष 1964 तक इसे केंद्रीय बजट के साथ प्रस्तुत किया गया था। वर्ष 1964 से इसे बजट से अलग कर दिया गया।

नोट :

7. उत्तर: A

व्याख्या:

- यह रिज़र्व केरल राज्य के इडुक्की और पठानमथिट्टा ज़िले (पश्चिमी घाट के दक्षिणी क्षेत्र में स्थित) में स्थित है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - इसे वर्ष 1950 में अभयारण्य और वर्ष 1978 में एक बाघ अभयारण्य के रूप में नामित किया गया था। इस अभयारण्य का नाम पेरियार नदी से प्रेरित है, जिसका उद्गम स्थल इस अभयारण्य के भीतर ही है।
  - मुलयार और पेरियार इस अभयारण्य से निकलने वाली दो प्रमुख नदियाँ हैं।
- प्राणिजगत:
  - स्तनधारी: बाघ, हाथी, लॉयन टेल्ड मकाक (Lion-tailed macaque), नीलगिरि तहर आदि।
  - पक्षी: डार्टर, जलकाग, किंगफिशर, ग्रेट मालाबार हॉर्नबिल (Great Malabar Hornbill) और रैकेट-टेल्ड ड्रोंगो (Racket-tailed Drongo)। **अत: कथन 2 सही है।**
- इस अभयारण्य में छह आदिवासी समुदाय बसे हुए हैं जैसे- मन्नान, पलियन, मलाइ अरायन, मलाइ पंडाराम, उरलिस और उलादन। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- गोंड, मारती और नाइकडा कर्नाटक के प्रमुख आदिवासी समूह हैं।

8.उत्तर: (C)

व्याख्या:

लिटिल अंडमान आईलैंड

- यह द्वीप लिटिल अंडमान समूह का हिस्सा है (लिटिल अंडमान ग्रेट अंडमान के समकक्ष है)। यह अंडमान का चौथा सबसे बड़ा द्वीप है।
  - यह अपने मुख्य गाँव के नाम से प्रसिद्ध है जो कि इसकी सबसे बड़ी बस्ती-हुत खाड़ी (Hut Bay) है। **अत: कथन 1 सही है।**
- जनजातियाँ
  - पोर्ट ब्लेयर से लगभग 120 किलोमीटर की सामुद्रिक दूरी पर स्थित यह द्वीप वर्ष 1957 में एक आदिवासी रिज़र्व बन गया है।
  - यह ओंगे जनजाति का निवास स्थान माना जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- अवस्थिति एवं यातायात:
  - द्वीपसमूह के दक्षिणी छोर पर स्थित 'हट बे जेट्टी' (Hut Bay Jetty) राजधानी पोर्ट ब्लेयर से इस द्वीप में आने वाले जहाज़ों या नौकाओं के लिये एकमात्र बंदरगाह है।

9. उत्तर: C

व्याख्या:

- सरकार का राजकोषीय घाटा (Fiscal Deficit) दिसंबर 2020 के अंत में बजट अनुमान (Budget Estimate- BE) से बढ़कर 11.58 लाख करोड़ या 145.5% (वर्ष 2020-21 के पहले नौ महीनों का लेखा-जोखा) हो गया है।
- उच्च राजकोषीय घाटा अर्थव्यवस्था के लिये लाभकारी हो सकता है यदि खर्च किये गए धन का उपयोग राजमार्गों, सड़कों, बंदरगाहों और हवाई अड्डों जैसी उत्पादक परिसंपत्तियों के निर्माण तथा जो आर्थिक विकास को बढ़ावा देते हैं और जिनके परिणामस्वरूप रोज़गार सृज़न को बढ़ावा मिलता हो, में किया गया हो।
- राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन अधिनियम, 2003 यह प्रावधान करता है कि केंद्र को 31 मार्च, 2021 तक राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 3% तक सीमित करने हेतु उचित उपाय करना चाहिये। **अत: कथन 1 सही है।**
- केंद्र और राज्यों के लिये राजकोषीय समेकन का रोडमैप बनाने के लिये एन.के. सिंह समिति का गठन किया गया था।
  - वर्ष 2016 में गठित एनके सिंह समिति (NK Singh Committee) द्वारा सिफारिश की गई कि सरकार को 31 मार्च, 2020 तक राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद के 3% तक लक्षित किया जाना चाहिये, जिसे वर्ष 2020-21 में 2.8% और वर्ष 2023 तक 2.5% तक कम करना चाहिये। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

10. उत्तर: B

व्याख्या:

- बुनियादी आवश्यकता सूचकांक (Bare Necessities Index), राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आँकड़ों का उपयोग करते हुए समस्त भारत (ग्रामीण एवं शहरी दोनों) के आर्थिक विकास तक पहुँच की रूपरेखा तैयार करने का एक प्रयास है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - यह सूचकांक पाँच संकेतकों अर्थात् पानी, स्वच्छता, आवास, सूक्ष्म पर्यावरण और अन्य सुविधाओं पर 26 संकेतक प्रस्तुत करता है। **अत: कथन 3 सही है।**
- देश के सभी राज्यों में वर्ष 2012 की तुलना में वर्ष 2018 में बुनियादी आवश्यकताओं में सुधार हुआ है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - समानता में वृद्धि उल्लेखनीय है क्योंकि अमीर सार्वजनिक वस्तुओं के लिये निजी विकल्पों का उपयोग कर सकते हैं।

11. उत्तर: C

व्याख्या:

- डैम रिहैबिलिटेशन एंड इम्प्रूवमेंट प्रोजेक्ट (DRIP) का लक्ष्य चयनित मौजूदा बांधों की सुरक्षा, उनके प्रदर्शन में सुधार एवं स्थायी तरीके से संबंधित आशंकाओं को दूर करना है।
- इसका उद्देश्य बांधों के टिकाऊ स्थायी संचालन और रख-रखाव हेतु कुछ चुनिंदा बांधों के लिये वैकल्पिक आकस्मिक साधनों का पता लगाना भी है। अत: कथन 1 सही है।
- इस परियोजना को विश्व बैंक और एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक (AIIB) द्वारा वित्त पोषित किया जा रहा है। **अत: कथन 2 सही है।**

12. उत्तर: D

व्याख्या:

- हॉन्गकॉन्ग लगभग एक शताब्दी तक ब्रिटेन का उपनिवेश रहा था, जिसे एक लंबी वार्ता के बाद वर्ष 1997 में चीन को सौंप दिया गया। इसके बाद हॉन्गकॉन्ग, चीन के विशेष प्रशासनिक क्षेत्रों (SAR) में से एक बन गया। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसे 'बेसिक लॉ' नामक एक मिनी-संविधान द्वारा शासित किया जाता है, जो कि 'एक देश, दो प्रणाली' के सिद्धांत की पुष्टि करता है। अत: कथन 1 सही है।
- 'बेसिक लॉ' नाम का यह संवैधानिक दस्तावेज़ वर्ष 1984 के चीन-ब्रिटिश संयुक्त घोषणा का ही परिणाम है, जिसके तहत चीन ने वर्ष 1997 से 50 वर्ष की अवधि के लिये हॉन्गकॉन्ग की उदार नीतियों, शासन प्रणाली, स्वतंत्र न्यायपालिका और व्यक्तिगत स्वतंत्रता को बनाए रखने का वायदा किया था।
- हाल ही में ब्रिटेन, हॉन्गकॉन्ग के निवासियों को अपने देश में रहने और नागरिकता प्राप्त करने के लिये एक विशेष प्रकार की वीज़ा योजना को शुरू किया है।
- यह कदम चीन द्वारा हॉन्गकॉन्ग पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (National Security Law) लागू करने के बाद उठाया गया है। इस सुरक्षा कानून का उद्देश्य हॉन्गकॉन्ग में भविष्य में होने वाले वर्ष 2019 जैसे लोकतंत्र समर्थक आंदोलनों पर रोक लगाना और हॉन्गकॉन्ग सरकार की शक्तियों को खत्म करना है।

13. उत्तर: D

व्याख्या:

विदेशी योगदान (विनियमन) अधिनियम, 2010

- भारत में व्यक्तियों के विदेशी धन को एफसीआरए अधिनियम के तहत विनियमित किया जाता है और गृह मंत्रालय (Ministry of Home Affairs) द्वारा कार्यान्वित किया जाता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - व्यक्तियों को MHA की अनुमति के बिना 25,000 रुपये तक विदेशी योगदान स्वीकार करने की अनुमति है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

- इस अधिनियम के तहत संगठनों का पंजीकरण पाँच वर्ष के लिये वैध होता है, लेकिन सभी मानदंडों का पालन करने पर तत्पश्चात् इसे नवीनीकृत किया जा सकता है।

विदेशी अंशदान (विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2020

- विदेशी योगदान को स्वीकार करने पर प्रतिबंध: अधिनियम लोक सेवकों को विदेशी योगदान प्राप्त करने से रोकता है। लोक सेवक में कोई भी व्यक्ति शामिल होता है जो सरकार की सेवा या भुगतान में होता है या सरकार द्वारा किसी भी सार्वजनिक कर्तव्य को पालन करने के लिये पारिश्रमिक दिया जाता है। अत: कथन 3 सही नहीं है।
- संशोधन के माध्यम से गैर-सरकारी संगठन (NGOs) या विदेशी योगदान प्राप्त करने वाले लोगों और संगठनों के सभी पदाधिकारियों, निदेशकों एवं अन्य प्रमुख अधिकारियों के लिये आधार (Aadhaar) को एक अनिवार्य पहचान दस्तावेज़ बना दिया गया था।
- संशोधन के बाद अब कोई भी व्यक्ति, संगठन या रजिस्टर्ड कंपनी विदेशी अंशदान प्राप्त करने के पश्चात् किसी अन्य संगठन को उस विदेशी योगदान का ट्रांसफर नहीं कर सकती है।
- विदेशी अंशदान केवल स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI), नई दिल्ली की उस शाखा में ही प्राप्त किया जाएगा, जिसे केंद्र सरकार अधिसूचित करेगी।
- अब कोई भी गैर-सरकारी संगठन (NGO) विदेशी अंशदान की 20 प्रतिशत से अधिक राशि का इस्तेमाल प्रशासनिक खर्च पर नहीं कर सकता है।
- ध्यातव्य है कि सरकार द्वारा किये गए इन संशोधनों की राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर काफी आलोचना की गई थी।

14. उत्तर: B

व्याख्या:

- संयुक्त राष्ट्र (United Nations- UN) द्वारा जारी रिपोर्ट 'एजिंग वॉटर इंफ्रास्ट्रक्चर: एन इमर्जिंग ग्लोबल रिस्क' (Ageing Water Infrastructure: An Emerging Global Risk) के अनुसार, भारत में 1,000 से अधिक बड़े बाँध वर्ष 2025 में लगभग 50 वर्ष पुराने होंगे तथा विश्व में इस प्रकार के पुराने बाँध या तटबंध बढ़ते खतरे का कारण हैं। **अत: विकल्प B सही है।**
- कनाडा स्थित इंस्टीट्यूट फॉर वॉटर, एन्वायरनमेंट एंड हेल्थ (Institute For Water, Environment and Health) द्वारा संकलित रिपोर्ट में कहा गया है कि विश्व बड़े बाँधों के निर्माण की क्रांति का पुन: गवाह (20वीं सदी के मध्य के समान) बनने की स्थिति में नहीं है, लेकिन जिन बाँधों का निर्माण हो चुका है वे अनिवार्य रूप से वर्ष 2025 तक अपनी उम्र से अधिक के हो चुके होंगे।
- इस विश्लेषण में संयुक्त राज्य अमेरिका, फ्राँस, कनाडा, भारत, जापान, ज़ाम्बिया और ज़िम्बाब्वे में बाँधों का गिरना या बाँधों की बढ़ती उम्र के मामलों (Dam Decommissioning or Ageing Case Studies) के अध्ययन को शामिल किया गया है।

15. उत्तर: C

व्याख्या:

- हाल ही में पश्चिम रेलवे ने गुजरात में वाघई-बिलिमोरा के बीच 107 साल पुरानी नैरो गेज हेरिटेज ट्रेन सहित तीन ट्रेनों की सेवाओं को स्थायी रूप से स्थगित/रद्द करने का निर्णय लिया है।
- गायकवाड़ राजवंश भारतीय शासक परिवार है जिसकी राजधानी गुजरात के बड़ौदा (अब वडोदरा) में थी।
  - गायकवाड़ राजवंश 18 वीं शताब्दी के मराठा परिसंघ में एक अग्रणी शक्ति बन गया था। गायकवाड़ राजवंश के संस्थापक दामाजी प्रथम थे जो वर्ष 1740 में सत्ता में आए। अंतिम गायकवाड़ शासक सयाजीराव तृतीय थे जिनकी वर्ष 1939 में मृत्यु हो गई। **अत: कथन 1 सही है।**
- गायकवाड़ वंश का क्षेत्राधिकार सौराष्ट्र के कुछ हिस्सों, उत्तरी गुजरात के मेहसाणा और दक्षिण गुजरात के बिलिमोरा तक फैला हुआ था। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

16. उत्तर: C

व्याख्या :

बजट और संवैधानिक प्रावधान:

- संविधान के अनुच्छेद 112 के अनुसार, एक वर्ष के केंद्रीय बजट को वार्षिक वित्तीय विवरण (Annual Financial Statement-AFS) कहा जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह एक वित्तीय वर्ष में सरकार की अनुमानित प्राप्तियों और व्यय का विवरण है (जो चालू वर्ष में 1 अप्रैल से शुरू होकर अगले वर्ष के 31 मार्च को समाप्त होता है)।
- संसद में बजट छह चरणों से गुज़रता है:
  - बजट की प्रस्तुति।
  - आम चर्चा।
  - विभागीय समितियों द्वारा जाँच।
  - अनुदान मांगों पर मतदान।
  - विनियोग विधेयक पारित करना।
  - वित्त विधेयक पारित करना। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग का बजट डिवीज़न बजट तैयार करने हेतु ज़िम्मेदार केंद्रीय निकाय है।
  - स्वतंत्र भारत का पहला बजट वर्ष 1947 में प्रस्तुत किया गया था। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

17. उत्तर: (B)

व्याख्या

- हाल ही में केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2021-22 से आगामी पाँच वर्ष की अवधि के लिये करों के वितरण पूल में राज्यों की हिस्सेदारी को 41 प्रतिशत तक बनाए रखने से संबंधित 15वें वित्त आयोग की सिफारिश को स्वीकार कर लिया है।
- वर्टिकल हिस्सेदारी (केंद्र और राज्यों के बीच कर की हिस्सेदारी)
  - 15वें वित्त आयोग ने राज्यों की वर्टिकल हिस्सेदारी को 41 प्रतिशत बनाए रखने की सिफारिश की है, जो कि आयोग की वर्ष 2020-21 में दी गई अंतरिम रिपोर्ट के समान है।
    - यह राशि वर्तमान वितरण पूल के 42 प्रतिशत के स्तर के समान ही है, जिसकी सिफारिश 14वें वित्त आयोग द्वारा की गई थी। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - हालाँकि इसमें जम्मू-कश्मीर राज्य की स्थिति में बदलाव के बाद बने नए केंद्रशासित प्रदेशों (लद्दाख और जम्मू-कश्मीर) की स्थिति के मद्देनज़र 1 प्रतिशत का आवश्यक समायोजन भी किया गया है।
- हॉरिज़ेंटल हिस्सेदारी (राज्यों के बीच कर का विभाजन)
  - राज्यों के बीच कर राजस्व के विभाजन के लिये आयोग ने जो सूत्र प्रस्तुत किया है, उसके मुताबिक राजस्व हिस्सेदारी का निर्धारण करते समय जनसांख्यिकीय प्रदर्शन को 12.5 प्रतिशत, आय के अंतर को 45 प्रतिशत, जनसंख्या और क्षेत्रफल प्रत्येक के लिये 15 प्रतिशत, वन और पारिस्थितिकी के लिये 10 प्रतिशत तथा कर एवं राजकोषीय प्रयासों के लिये 2.5 प्रतिशत भार दिया जाएगा। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

18. उत्तर: C

व्याख्या:

समर्पित माल ढुलाई गलियारा (DFC):

- यह एक उच्च गति और उच्च क्षमता वाला रेलवे कॉरिडोर है जो विशेष रूप से माल और वस्तुओं के परिवहन के लिये समर्पित है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - डीएफसी के तहत बेहतर बुनियादी ढांचे और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का सहज एकीकरण शामिल है।

नोट :

- समर्पित माल ढुलाई गलियारे (DFC) के दो घटक हैं, पूर्वी DFC और पश्चिमी DFC:
  - पूर्वी समर्पित माल ढुलाई गलियारा (EDFC):
    - यह पंजाब में साहनेवाल (लुधियाना) से शुरू होता है और पश्चिम बंगाल के दनकुनी में समाप्त होता है।
  - पश्चिमी समर्पित माल ढुलाई गलियारा (WDFC):
    - DFC का दूसरा भाग-पश्चिमी समर्पित माल ढुलाई गलियारा उत्तर प्रदेश के दादरी से मुंबई के जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट तक लगभग 1,500 किलोमीटर की दूरी तक फैला है जो सभी प्रमुख बंदरगाहों है।
- हाल ही में केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा केंद्रीय बजट 2021-22 पेश किया गया। यह भारत का पहला डिजिटल बजट है। इसके तहत रेलवे के लिये लक्षित प्रमुख प्रस्तावों में कुछ निम्नलिखित हैं:
- राष्ट्रीय रेल योजना (2030): वर्ष 2030 तक 'फ्यूचर रेडी' (Future Ready) रेलवे प्रणाली की स्थापना हेतु।
- दिसंबर 2023 तक ब्रॉड-गेज मार्गों पर शत-प्रतिशत विद्युतीकरण का कार्य पूरा करना।
- पश्चिमी समर्पित माल ढुलाई गलियारे (WDFC) और पूर्वी DFC को जून 2022 तक चालू करना। **अत: कथन 2 सही है।**

19. उत्तर: A

व्याख्या:

- सरकार ने कपड़ा उद्योग को विश्व में प्रतिस्पर्द्धी बनाने, बड़े निवेश को आकर्षित करने, रोज़गार के अधिक अवसर सृजित करने और निर्यात को बढ़ावा देने के लिये मेगा निवेश टेक्सटाइल्स पार्क- मित्रा (Mega Investment Textiles Parks- MITRA) योजना प्रस्तावित की है।
- यह योजना निर्यात में भारत को विश्व चैम्पियन बनाने के लिये प्लग और प्ले सुविधा के साथ विश्व स्तरीय अवसंरचना सृजित करेगी।
- मित्रा योजना उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (Production Linked Incentive- PLI) के अतिरिक्त आरंभ की जाएगी। **अत: विकल्प (A) सही है।**

20. उत्तर: (A)

व्याख्या

- हाल ही में 15वें वित्त आयोग की रिपोर्ट को संसद के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इसमें केंद्र और राज्यों दोनों के वित्तीय घाटे और ऋण संबंधी आवश्यकताओं पर सिफारिशें प्रदान की गई है। **अत: कथन 1 सही है।**
- केंद्र के लिये लक्ष्य: 15वें वित्त आयोग द्वारा यह अनुशंसा की गई है कि केंद्र सरकार राजकोषीय घाटे को वित्त वर्ष 2022 के सकल घरेलू उत्पाद के 6.8% से वर्ष 2025-26 में 4% तक ले आएगी। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- राज्यों के लिये लक्ष्य: राज्यों के लिये 15वें वित्त आयोग ने वर्ष 2021-22 में सकल राज्य घरेलू उत्पाद (GSDP) का 4%, उसके अगले वर्ष में 3.5% और बाद के अगले तीन वर्षों के लिये 3% राजकोषीय घाटे की सिफारिश की।

21. उत्तर: (C)

व्याख्या

- म्याँमार जिसे बर्मा के नाम से भी जाना जाता है, दक्षिण पूर्व एशिया में अवस्थित एक देश है, जो कि थाईलैंड, लाओस, बांग्लादेश, चीन और भारत आदि देशों के साथ अपनी सीमा साझा करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत ने म्याँमार के साथ कई अवसंरचना और विकास संबंधी परियोजनाओं की शुरुआत की है, क्योंकि भारत म्याँमार को पूर्वी एशिया और आसियान देशों में प्रवेश के द्वार के रूप में देखता है।
  - म्याँमार के राखीन प्रांत में वर्ष 2021 तक महत्त्वपूर्ण सित्वे बंदरगाह का परिचालन शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही है।
  - भारत द्वारा त्रिपक्षीय राजमार्ग (भारत-म्याँमार-थाईलैंड) और कलादान मल्टी-मॉडल ट्रांज़िट ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट जैसे बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं में सहायता की जा रही है। **अत: कथन 2 सही है।**
    - कलादान परियोजना कोलकाता को म्याँमार के सित्वे और फिर म्याँमार की कलादान नदी से भारत के उत्तर-पूर्व को जोड़ेगी।

नोट :

22. उत्तर: C

व्याख्या:

- फिशिंग कैट निशाचर (रात में सक्रिय) जीव है और मछली के अलावा मेंढक, क्रस्टेशियन, साँप, पक्षी और बड़े जानवरों के शवों का मांस खाना पसंद करती है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - इसका आकार घरेलू बिल्ली का दोगुना होता है।
- वे अपना अधिकांश जीवन घनी वनस्पतियों वाले क्षेत्रों में जल निकायों के करीब बिताती हैं और उत्कृष्ट तैराक होती हैं।
- फिशिंग कैट का प्रवास क्षेत्र पूर्वी घाट में विस्तृत है। वे ज्वारनदमुखी बाढ़कृत मैदानों, मैंग्रोव वन और अंतर्देशीय ताज़े पानी के आवासों में रहते हैं।
  - पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश में सुंदरवन के अलावा फिशिंग कैट ओडिशा की चिल्का झील तथा आस-पास की आर्द्रभूमि एवं आंध्र प्रदेश के कोरिंगा व कृष्णा मैंग्रोव में निवास करती हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- कई खतरों के बावजूद हाल ही में फिशिंग कैट को IUCN रेड लिस्ट में "लुप्तप्राय" से "सुभेद्य" श्रेणी में सूचीबद्ध किया गया। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
  - CITES: परिशिष्ट-II
  - भारतीय वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की अनुसूची- I के तहत फिशिंग कैट का शिकार किया जाना प्रतिबंधित है।

23. उत्तर: C

व्याख्या:

- बजट 2021-22 में परिसंपत्ति पुनर्निर्माण कंपनी (Asset Reconstruction Company- ARC) को राज्य के स्वामित्व वाले और निजी क्षेत्र के बैंकों द्वारा स्थापित करने का प्रस्ताव किया गया है तथा कहा गया है कि सरकार इसमें कोई इक्विटी योगदान नहीं देगी। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- यह एक विशेष वित्तीय संस्थान है जो बैंकों और वित्तीय संस्थानों से 'नॉन परफॉर्मिंग एसेट्स' (Non Performing Assets-NPAs) खरीदता है ताकि वे अपनी बैलेंस शीट को स्वच्छ रख सकें। अत: कथन 1 सही है।
- सरफेसी अधिनियम, 2002 (SARFAESI Act, 2002) भारत में ARCs की स्थापना के लिये कानूनी आधार प्रदान करता है। **अत: कथन 2 सही है।**

24. उत्तर: A

व्याख्या:

- विश्व आर्द्रभूमि दिवस के अवसर पर पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने राष्ट्रीय सतत् तटीय प्रबंधन केन्द्र के एक भाग के रूप में आर्द्रभूमि संरक्षण और प्रबंधन केंद्र स्थापित करने की घोषणा की।
- आर्द्रभूमियों पर हुए कन्वेंशन, जिसे रामसर कन्वेंशन कहा जाता है, एक अंतर-सरकारी संधि है यह आर्द्रभूमियों और उनके संसाधनों के संरक्षण और बुद्धिमत्तापूर्ण उपयोग के लिये रूपरेखा प्रदान करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - इस कन्वेंशन को वर्ष 1971 में ईरान के रामसर शहर में अपनाया गया था जो वर्ष 1975 में लागू हुआ। तब से लेकर अब तक विश्व के सभी भौगोलिक क्षेत्रों से, संयुक्त राष्ट्र के लगभग 90% सदस्य, 'कॉन्ट्रैक्टिंग पार्टीज़' (Contracting Parties) को अपना चुके हैं।
  - भारत में 26 रामसर साइट विद्यमान हैं जो अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व की आर्द्रभूमियाँ हैं।
  - वर्तमान में भारत की दो आर्द्रभूमि क्षेत्र मोंट्रेक्स रेकॉर्ड में शामिल हैं: केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान (राजस्थान) और लोकटक झील (मणिपुर)। चिल्का झील (ओडिशा) को मोंट्रेक्स रेकॉर्ड में रखा गया था लेकिन बाद में इसे हटा दिया गया था। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- भारत में लगभग 4.6% भूमि आर्द्रभूमि के रूप में है जो 15.26 मिलियन हेक्टेयर क्षेत्र को कवर करती है। भारत में 42 स्थल हैं जिन्हें आर्द्रभूमि के रूप में अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व (रामसर स्थल) का नामित किया गया है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
  - रामसर स्थलों के रूप में घोषित आर्द्रभूमियों को सम्मेलन के सख्त दिशा- निर्देशों के तहत संरक्षण प्रदान किया गया है।

नोट :

- वर्तमान में वैश्विक स्तर पर 2,300 से अधिक रामसर साइट्स विद्यमान हैं।
- हाल ही में लद्दाख स्थित त्सो कार आर्द्रभूमि क्षेत्र (Tso Kar Wetland Complex) को भारत के 42वें रामसर स्थल के रूप में मान्यता दी गई है।

25. उत्तर: B

व्याख्या:

- वित्तीय वर्ष 2021-22 के केंद्रीय बजट में सतत् विकास लक्ष्य-6 (जो सभी के लिए पानी और स्वच्छता तक पहुँच सुनिश्चित करता है) के अनुसार, सभी शहरों में कार्यात्मक नल के माध्यम से घरों में पानी आपूर्ति की सार्वभौमिक कवरेज प्रदान कराने हेतु केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के तहत जल जीवन मिशन (शहरी) योजना की घोषणा की गई है। **अत: कथन 1 सही है।**
- उपचारित सीवेज के पुनर्चक्रण/पुन: उपयोग, जल निकायों के कायाकल्प और जल संरक्षण पर ध्यान केंद्रित करते हुए प्रत्येक शहर के लिये जल संतुलन योजना के विकास के माध्यम से पानी की चक्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना। **अत: कथन 2 सही है।**
- परियोजनाओं के लिये सरकार द्वारा वित्तपोषण तीन चरणों (20:40:40) में किया जाएगा। योजना कार्यान्वयन के परिणामों के आधार पर ही तीसरी किस्त जारी की जाएगी।

26. उत्तर: A

व्याख्या:

- हाल ही में प्रधानमंत्री ने शास्त्रीय संगीत गायक पंडित भीमसेन जोशी (Pandit Bhimsen Joshi) को उनकी जन्म शताब्दी पर श्रद्धांजलि अर्पित की।
  - पंडित भीमसेन जोशी का जन्म 4 फरवरी, 1922 को हुआ था।
  - महत्त्वपूर्ण उपलब्धि: इन्हें वर्ष 2008 में भारत रत्न प्रदान किया गया था। अत: कथन 1 सही है।
- कार्य: इनके द्वारा गाए जाने वाले शुद्ध कल्याण, मियाँ की टोडी, पुरिया धनश्री और मुल्तान आदि प्रसिद्ध रागों के लिये इन्हें याद किया जाता है।
- ये किराना घराने से संबंध रखते थे।
  - किराना घराने का नाम उत्तर प्रदेश के कैराना नामक एक छोटे शहर से पड़ा है। इसकी स्थापना उस्ताद अब्दुल करीम खान ने की थी। अब्दुल वाहिद खान, सुरेश बाबू माने, हीरा बाई बडोडकर और रोशनआरा बेगम जैसे प्रसिद्ध कलाकार इस घराने से संबंधित हैं।
    - ये हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत के 'स्कूल' से ताल्लुक रखते थे। **अत कथन 2 सही नहीं है।**

27. उत्तर: A

व्याख्या:

- चौरी चौरा (Chauri Chaura) कांड के सौ वर्ष पूरे होने के अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा एक डाक टिकट जारी किया गया है।
- चौरी चौरा, उत्तर प्रदेश के गोरखपुर ज़िले में स्थित एक कस्बा है। इस कस्बे में 4 फरवरी, 1922 को एक हिंसक घटना घटित हुई थी। किसानों की भीड़ ने यहाँ के एक पुलिस स्टेशन में आग लगा दी जिसके कारण 22 पुलिस कर्मियों की मौत हो गई। इस घटना को देखकर महात्मा गांधी (Mahatma Gandhi) ने असहयोग आंदोलन (Non-Cooperation Movement- 1920-22) को वापस ले लिया। **अत: विकल्प A सही है।**
- गांधीजी ने असहयोग आंदोलन में हिंसा का प्रवेश देख इसे रोकने का फैसला किया। उन्होंने अपनी इच्छा 'कॉन्ग्रेस वर्किंग कमेटी' को बताई और 12 फरवरी, 1922 को यह आंदोलन औपचारिक रूप से वापस ले लिया गया।

28. उत्तर (B)

व्याख्या

- भारत सरकार की मातृत्व लाभ योजना या प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (Pradhan Mantri Matru Vandana Yojana-PMMVY) में वित्त वर्ष 2020 तक 1.75 करोड़ से अधिक पात्र महिलाएँ शामिल हो चुकी हैं।
- PMMVY एक मातृत्व लाभ योजना है जिसे 1 जनवरी, 2017 से देश के सभी ज़िलों में लागू किया गया है। अत: कथन 1 सही नही है।

नोट :

- संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित सतत् विकास लक्ष्यों (Sustainable Development Goals- SDGs) के लक्ष्य 3.1 का उद्देश्य वैश्विक मातृ मृत्यु दर को कम करके 70/100,000 जीवित जन्मों तक करना है। **अत: कथन 2 सही है।**

29. उत्तर: A

व्याख्या:

- हाल ही में केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री ने संसद को उपभोक्ता कल्याण कोष (Consumer Welfare Fund- CWF) के बारे में सूचित किया है।
- इसे केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (CGST) अधिनियम, 2017 के तहत स्थापित किया गया था। वर्ष 1992 के उपभोक्ता कल्याण कोष नियमों को CGST नियम, 2017 के तहत शामिल कर लिया गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह कोष राजस्व विभाग (वित्त मंत्रालय) द्वारा स्थापित किया गया है और उपभोक्ता मामलों के विभाग (उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय) द्वारा संचालित किया जा रहा है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

30. उत्तर: C

व्याख्या:

- अपराध और आपराधिक ट्रैकिंग नेटवर्क और प्रणाली (Crime & Criminals Tracking Network and Systems- CCTNS) गृह मंत्रालय का वर्ष 2009 में राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्लान के तहत स्थापित एक मिशन मोड प्रोजेक्ट है।
  - इसे 6000 उच्च पुलिस कार्यालयों के अलावा पूरे देश में लगभग 14,000 पुलिस स्टेशनों में शुरू करने का प्रस्ताव दिया गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसका मुख्य उद्देश्य पुलिस स्टेशनों और अन्य पुलिस कार्यालयों की कार्यवाहियों को नागरिक अनुकूल, पारदर्शी, जवाबदेह, कुशल और प्रभावी बनाना है।
  - सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के माध्यम से नागरिक केंद्रित सेवाओं के वितरण में सुधार करना।
  - अपराध और अपराधियों की सटीक एवं तीव्र जाँच के लिये जाँच अधिकारियों को आधुनिक उपकरण, तकनीक और जानकारियाँ प्रदान करना। **अत: कथन 2 सही है।**

31.उत्तर: C

व्याख्या:

- केंद्र सरकार ने अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) के उप-श्रेणीकरण पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिये रोहिणी आयोग के कार्यकाल को 31 जुलाई, 2021 तक बढ़ा दिया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- रोहिणी आयोग का गठन अक्तूबर 2017 में संविधान के अनुच्छेद-340 के तहत किया गया था। उस समय आयोग को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिये 12 सप्ताह का समय दिया गया था, हालाँकि इसके बाद से कई बार आयोग के कार्यकाल में विस्तार किया जा चुका है।
  - भारतीय संविधान के अनुच्छेद 340 के अनुसार, भारत का राष्ट्रपति सामाजिक और शैक्षणिक दृष्टि से पिछड़े वर्गों की दशाओं की जाँच करने तथा उनकी दशा में सुधार करने से संबंधित सिफारिश प्रदान के लिये एक आदेश के माध्यम से आयोग की नियुक्ति/गठन कर सकता है। **अत: कथन 2 सही है।**

32. उत्तर: C

व्याख्या:

- स्क्वायर किलोमीटर एरे ऑब्ज़र्वेटरी (Square Kilometre Array Observatory- SKAO) परिषद ने अपनी हालिया बैठक के दौरान विश्व के सबसे बड़े रेडियो टेलीस्कोप (Radio Telescope) की स्थापना के लिये मंज़ूरी दी।
  - पिछले वर्ष दिसंबर में प्यूर्टो रिको में स्थित विश्व की सर्वाधिक प्रचलित रेडियो दूरबीन अरेसिबो (Arecibo) के नष्ट होने या गिरने के बाद इस नए उद्यम/कार्य को महत्त्वपूर्ण माना जा रहा है।
- SKAO एक नया अंतर-सरकारी संगठन है जो रेडियो खगोल विज्ञान (Radio Astronomy) को समर्पित है, इसका मुख्यालय ब्रिटेन में है। **अत: कथन 1 और 3 सही है।**

नोट :

- वर्तमान में SKAO में दस देशों के संगठन शामिल हैं।
  - इनमें ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, चीन, भारत, इटली, न्यूज़ीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, स्वीडन, नीदरलैंड और यू.के. शामिल हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

33. उत्तर: C

व्याख्या:

- रक्षा मंत्रालय के अनुसार, वर्ष 2026 तक सेना के पास तीन नए युद्धक विमान (Fighter Jets) होंगे जिनमें से दो को वायु सेना में तथा एक को नौसेना में शामिल किया जाएगा।
  - इसमें वायु सेना में नए LCA (Mk-2 संस्करण) तथा AMCA (उन्नत मध्यम युद्धक विमान) और नौसेना में TEDBF (ट्विन-इंजन डेक-बेस्ड फाइटर) युद्धक विमान को शामिल किया जाना है।
    - ट्विन-इंजन डेक-बेस्ड फाइटर (TEDBF) दोहरे इंजन वाली भारत की पहली विमान परियोजना है जो कैरियर आधारित संचालन के लिये भी समर्पित होगी। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह पाँचवीं पीढ़ी का विमान है जिसे भारतीय वायु सेना में शामिल किया जाएगा।
  - यह एक स्टील्थ विमान है, जिसे हल्के युद्धक विमान के विपरीत गुप्त ऑपरेशनों के संचालन हेतु बनाया गया है।अत: कथन 1 सही है।
- लो रडार क्रॉस-सेक्शन (Low Radar Cross-Section) प्राप्त करने के लिये इसका आकार अद्वितीय है, इस युद्धक विमान को आंतरिक हथियारों से सुसज्जित किया जा सकता है।
  - विभिन्न माध्यमों में इसकी कुल रेंज 1,000 किमी. से लेकर 3,000 किमी. तक होगी।
- इसके दो प्रकार (Mk-1 और Mk-2) हैं। AMCA Mk-1 में LCA Mk-2 के समान एक आयातित इंजन लगा होगा, वही AMCA Mk-2 में एक स्वदेशी इंजन होगा।

34. उत्तर: D

व्याख्या:

गोबर-धन योजना

- गोबर-धन (Galvanizing Organic Bio-Agro Resources Dhan- GOBAR-DHAN) योजना की शुरुआत जल शक्ति मंत्रालय द्वारा की गई है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इस योजना का क्रियान्वयन स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के हिस्से के रूप में किया जा रहा है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) में गाँवों को स्वच्छ बनाने के लिये दो मुख्य घटक शामिल हैं - खुले में शौच मुक्त (ODF) गाँव बनाना और गाँवों में ठोस तथा तरल कचरे का प्रबंधन करना।
- इस योजना का उद्देश्य गाँवों को स्वच्छ रखना, ग्रामीण घरों की आय बढ़ाना और मवेशियों द्वारा उत्पन्न कचरे से ऊर्जा का उत्पादन करना है।
  - इसके अलावा ग्राम स्तर पर आजीविका के नए अवसरों का सृजन और किसानों तथा अन्य ग्रामीणों की आय में वृद्धि करना है।

35. उत्तर. B

व्याख्या:

- हाल ही में भारतीय रिज़र्व बैंक (Reserve Bank of India- RBI) ने खुदरा निवेशकों को बिचौलियों की मदद के बिना सीधे सरकारी प्रतिभूतियों (Government Securit- G-secs) में निवेश करने के लिये अपने यहाँ खाते खोलने की अनुमति देने का फैसला किया है।
- सरकारी प्रतिभूतियाँ (G-secs) केंद्र सरकार या राज्य सरकारों द्वारा जारी की जाने वाली व्यापार योग्य उपकरण.साधन है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- भारत में केंद्र सरकार ट्रेज़री बिल और बॉण्ड या दिनांकित प्रतिभूतियाँ दोनों को जारी करती है, जबकि राज्य सरकारें केवल बॉण्ड या दिनांकित प्रतिभूतियों को जारी करती हैं, जिन्हें राज्य विकास ऋण (SDL) कहा जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- सरकारी प्रतिभूतियाँ में प्रायोगिक रूप से कोई जोखिम नहीं होता इसलिये इन्हें जोखिम रहित श्रेष्ठ प्रतिभूति माना जाता है। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

36. उत्तर: C

व्याख्या:

- नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान उत्तर भारत के उत्तराखंड राज्य में नंदा देवी (7816 मीटर) शिखर के आस-पास स्थित है।
  - पार्क में नंदादेवी अभयारण्य, एक हिमनद बेसिन स्थित है जो कई चोटियों से घिरा हुआ है तथा यह क्षेत्र ऋषि गंगा नदी द्वारा सिंचित है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- वर्ष 1982 में जारी अधिसूचना द्वारा पार्क को संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान के रूप में स्थापित किया गया था, लेकिन बाद में इसका नाम नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान कर दिया गया।
  - संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) द्वारा वर्ष 1988 में इसे एक विश्व विरासत स्थल के रूप में सूचीबद्ध किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- यहाँ 312 वनस्पति प्रजातियाँ पाई जाती हैं जिनमें से 17 दुर्लभ प्रजातियों के रूम में सूचीबद्ध हैं। देवदार, रोडोडेंड्रोन और जुनिपर आदि यहाँ की मुख्य वनस्पति हैं।
- नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान में पाए जाने वाले प्राणी जगत में हिमालयी काले भालू, हिम तेंदुआ, हिमालयी कस्तूरी मृग आदि शामिल हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

37. उत्तर: D

व्याख्या:

- आईआईटी-दिल्ली के शोधकर्त्ताओं ने औद्योगिक खपत के लिये कम लागत, स्वच्छ हाइड्रोजन ईंधन उत्पन्न करने हेतु सल्फर-आयोडीन (Sulphur-Iodine- SI) थर्मोकेमिकल हाइड्रोजन चक्र (SI Cycle) नामक प्रक्रिया द्वारा जल को सफलतापूर्वक विभाजित किया है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - सल्फर-आयोडीन चक्र (SI चक्र) एक त्रि-चरणीय थर्मोकेमिकल चक्र है जिसका उपयोग हाइड्रोजन का उत्पादन करने के लिये किया जाता है। इस चक्र में सभी रसायनों का पुनर्नवीनीकरण किया जाता है। सल्फर-आयोडीन चक्र की प्रक्रिया को पर्याप्त ताप की आवश्यकता होती है।
- ईंधन के रूप में हाइड्रोजन एक पर्यावरण के अनुकूल, गैर विषैला पदार्थ है जो मानव स्वास्थ्य के लिये क्षतिकारक नहीं है।
  - हाइड्रोजन को एक ऊर्जा वाहक के रूप में उपयोग करने का लाभ यह है कि जब यह ऑक्सीजन के साथ जुड़ता है तो केवल जल और ऊष्मा ही उपोत्पाद के रूप में प्राप्त होते हैं।
  - हाइड्रोजन ईंधन सेल के उपयोग से ग्रीनहाउस गैस या अन्य पार्टिकुलेट उत्पन्न नहीं होते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**

38. उत्तर: A

व्याख्या:

- धौलीगंगा का उद्गम उत्तराखंड में वसुधारा ताल नामक हिमनद झील होता है, जो संभवत: शायद सबसे बड़ी हिमनद झील है। **अत: कथन 1 सही है।**
- धौलीगंगा अलकनंदा की महत्त्वपूर्ण सहायक नदियों में से एक है, नंदकिनी, पिंडर, मंदाकिनी और भागीरथी इसकी अन्य सहायक नदियाँ हैं।
  - रैनी में धौलीगंगा ऋषि गंगा से मिलती है। विष्णुप्रयाग में यह नदी अलकनंदा में विलीन हो जाती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
    - वहाँ इसका अस्तित्त्व समाप्त हो जाता है और अलकनंदा चमोली, मैथन, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग से होती हुई दक्षिण-पश्चिम की ओर तब तक प्रवाहित होती है जब तक कि रुद्रप्रयाग में उत्तर में से आती हुई मंदाकिनी नदी से नहीं मिलती।

39. उत्तर: C

व्याख्या:

- भारतीय निर्वाचन आयोग संसद और सभी राज्यों के विधानमंडल के साथ भारत के राष्ट्रपति एवं उपराष्ट्रपति के कार्यालयों के लिये चुनाव कराने की पूरी प्रक्रिया का संचालन निर्देशन और नियंत्रण करता है।
- आयोग का सबसे महत्त्वपूर्ण कार्य आवधिक रूप से और निर्धारित समय पर चुनाव के संचालन हेतु चुनाव कार्यक्रम तय करना है, चाहे वह आम चुनाव हो या उप-चुनाव।

नोट :

- यह मतदाता सूची तैयार करता है और एक इलेक्ट्रॉनिक फोटो पहचान पत्र (EPIC) जारी करता है।
- यह मतदान केंद्रों की स्थिति, मतदाताओं के लिये मतदान केंद्रों का निर्धारण, मतगणना केंद्रों के स्थान, मतदान व मतगणना केंद्रों के आसपास एवं सभी संबंधित व्यवस्थाओं पर निर्णय लेता है।
- यह राजनीतिक दलों को मान्यता प्रदान करने और उन्हें चुनाव चिन्ह आवंटित करने के साथ इससे संबंधित विवादों को निपटाने का कार्य करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- चुनाव आयोग को संसद और राज्य विधानसभाओं के सदस्यों के चुनाव के बाद अयोग्य ठहराए जाने के मामले में सलाहकारी शक्तियाँ प्राप्त हैं। यह संसद सदस्यों की निरर्हता के संदर्भ में राष्ट्रपति और विधानमंडल के सदस्यों के संदर्भ में राज्यपाल को परामर्श देने का कार्य करता है। **अत: कथन 2 सही है।**

40. उत्तर: D

व्याख्या:

- हाल ही में ओडिशा और आंध्र प्रदेश के मध्य तब फिर से सीमा विवाद उत्पन्न हो गया जब आंध्र प्रदेश द्वारा ओडिशा के कोरापुट ज़िले में कोटिया पंचायत (Kotia Panchayat) के तीन गाँवों में पंचायत चुनावों की घोषणा की गई।
- वर्ष 2006 में ओडिशा ने अंतर्राज्यीय नदी वंशधारा (Inter-State River Vamsadhara) के संदर्भ में आंध्र प्रदेश के साथ चल रहे अपने जल विवादों को लेकर अंतर-राज्यीय नदी जल विवाद (ISRWD) अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत केंद्र सरकार के पास एक शिकायत दर्ज की थी।
  - वंशधारा नदी एक पूर्व-बहने वाली नदी है जो ओडिशा के कालाहांडी ज़िले में निकलती है, जो ओडिशा और आंध्र प्रदेश से गुजरते हुए आखिर में आंध्र प्रदेश के कलिंगपत्तनम में बंगाल की खाड़ी (महानदी में नहीं) मिलती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- ओडिशा और झारखंड के बीच सीमा विवाद बैतरणी नदी (Baitarani River) के मार्ग परिवर्तन के कारण उत्पन्न हुआ है। बैतरणी नदी ओडिशा के क्योंझर ज़िले की पहाड़ी श्रृंखलाओं से निकलती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

41. उत्तर: C

व्याख्या:

- कर्नाटक का कुरुबा समुदाय एक पारंपरिक भेड़ पालक समुदाय है। **अत: कथन 1 सही है।**
- वर्तमान में कुरुबा समुदाय की जनसंख्या राज्य की कुल आबादी का 9.3% है और ये पिछड़े वर्ग की श्रेणी में आते हैं।
  - हाल ही में कर्नाटक में कुरुबा समुदाय द्वारा एक विशाल रैली का आयोजन किया गया था। इस रैली में समुदाय के लोगों द्वारा राज्य सरकार से मांग की गई कि राज्य सरकार कुरुबा समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) की सूची में शामिल करने हेतु केंद्र सरकार को अपनी संस्तुति भेजे। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- कुरुबा कर्नाटक में लिंगायत, वोक्कालिगा और मुसलमानों के बाद चौथी सबसे बड़ी जाति है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
  - अन्य राज्यों में कुरुबा को अलग-अलग नामों से जाना जाता है - जैसे महाराष्ट्र में धनगर, गुजरात में रबारी या राईका, राजस्थान में देवासी और हरियाणा में गडरिया।

42.उत्तर: A

व्याख्या:

- सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने चिंता, तनाव, अवसाद, आत्महत्या के विचारों और अन्य मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करने वाले लोगों को सहायता प्रदान करने के लिये एक 24/7 टोल-फ्री हेल्पलाइन 'किरण' शुरू की है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - मंत्रालय के आँकड़ों के अनुसार, 'किरण हेल्पलाइन' पर कॉल करने वालों में 70% पुरुष थे, जिनमें अधिकांश युवा थे।
  - शिक्षा मंत्रालय ने छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिये मनो-सामाजिक सहायता और परामर्श प्रदान करने के लिये 'मनोदर्पण' पहल शुरू की थी। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

43. उत्तर.C

व्याख्या:

- हाल ही में म्युकोपॉलिसैक्रोडोसिस II या MPS II से पीड़ित दो भाइयों ने दिल्ली उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर करते हुए यह मांग की है कि उच्च न्यायालय उन्हें मुफ्त इलाज उपलब्ध कराने हेतु केंद्र सरकार और एम्स को निर्देश जारी करे।
- MPS II ज़्यादातर बालकों को प्रभावित करता है और इससे पीड़ित लोगों का शरीर एक प्रकार के शर्करा को अपघटित नहीं कर पाता है जो हड्डियों, त्वचा, पेशी और अन्य ऊतकों का निर्माण करती है।
- यह आईडीएस जीन के परिवर्तन (उत्परिवर्तन) के कारण होता है जो इंड्यूरोनेट 2-सल्फाटेज़ (I2S) एंज़ाइम के उत्पादन को नियंत्रित करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - इस एंज़ाइम की आवश्यकता शरीर में उत्पादित ग्लाइकोसामिनोग्लाइकन्स (Glycosaminoglycans or GAGs) नामक जटिल शर्करा को अपघटित करने के लिये होती है।
- I2S एंज़ाइम गतिविधि का अभाव कोशिकाओं के भीतर, विशेष रूप से लाइसोसोम के अंदर GAG के संचय का कारण बनता है।
- MPS II के साथ लाइसोसोम के अंदर अणुओं का निर्माण करने वाली स्थितियों को लाइसोसोमल भंडारण विकार (Lysosomal Storage Disorders) कहा जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**

44. उत्तर: C

व्याख्या:

- विवर्तनिक रूप से सक्रिय वलित पर्वत हिमालय की उपस्थिति के कारण भारत भूकंप प्रभावित देशों में से एक है।
- भूकंपीयता से संबंधित वैज्ञानिक जानकारी, अतीत में आए भूकंप तथा विवर्तनिक व्यवस्था के आधार पर भारत को चार 'भूकंपीय ज़ोनों' (II, III, IV और V) में वर्गीकृत किया गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - पूर्व के भूकंप क्षेत्रों को उनकी गंभीरता के आधार पर पाँच ज़ोनों में विभाजित किया गया था, लेकिन 'भारतीय मानक ब्यूरो' (Bureau of Indian Standards- BIS) ने प्रथम 2 ज़ोनों का एकीकरण कर देश को चार भूकंपीय ज़ोनों में बाँटा है।
  - BIS भूकंपीय खतरे के नक्शे (Hazard Maps) और कोड प्रकाशित करने के लिये आधिकारिक एजेंसी है। **अत: कथन 3 सही है।**
- भूकंपीय तरंगें भूकंप के कारण होने वाला कंपन है जो पृथ्वी के माध्यम से गति करते हैं और जिन्हें भूकंपमापी यंत्र (Seismographs) द्वारा दर्ज किया जाता है।
  - भूकंपमापी यंत्र तरंगों को एक टेढ़े-मेढ़े ग्राफ के रूप में प्रस्तुत करता है जो भूमिगत तरंगों के दोलन से संबंधित विभिन्न आयामों को दर्शाता है।
- भूकंप की घटनाओं को झटके की तीव्रता के अनुसार जाना जाता है।
  - इसे परिमाण पैमाने (Magnitude scale) के रूप में भी जाना जाता है। यह भूकंप के दौरान उत्पन्न ऊर्जा के मापन से संबंधित है इसे 0-10 तक की संख्या में व्यक्त किया जाता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - हालाँकि 2 से कम तथा 10 से अधिक रिक्टर तीव्रता के भूकंप का मापन करना सामान्यत: संभव नहीं है।

45. उत्तर: C

व्यख्या:

- दिसंबर 1991 में U.S.S.R (सोवियत संघ) के विघटन के साथ यूक्रेन को पूर्ण स्वतंत्रता प्राप्त हुई।
  - देश ने अपना आधिकारिक नाम बदलकर यूक्रेन कर लिया और इसने स्वतंत्र राज्यों के राष्ट्रमंडल (CIS) को उन देशों का एक संघ बनाने में मदद की जो पूर्व में सोवियत संघ के गणराज्य थे। **अत: कथन 1 सही है।**
- यूक्रेन, पूर्वी यूरोप में स्थित एक देश है। इसकी राजधानी कीव है, जो उत्तर-मध्य यूक्रेन में नीपर नदी (Dnieper River) के तट पर स्थित है।

नोट :

- यूक्रेन की सीमा उत्तर में बेलारूस, पूर्व में रूस, आज़ोव का सागर और दक्षिण में काला सागर, दक्षिण-पश्चिम में मोल्दोवा व रोमानिया तथा पश्चिम में हंगरी, स्लोवाकिया एवं पोलैंड से लगती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- सुदूर दक्षिण-पूर्व में यूक्रेन को केर्च जलडमरूमध्य (Kerch Strait) द्वारा रूस से अलग किया गया है, जो आज़ोव सागर को काला सागर से जोड़ता है।

46. उत्तर: (A)

व्याख्या

- हाल ही में संयुक्त राज्य अमेरिका ने घोषणा की है कि वह संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में पुन: शामिल होगा, उसने वर्ष 2018 में इसे छोड़ दिया था।
- परिषद में एक पूर्ण सदस्य के रूप में चुने जाने के उद्देश्य के साथ संयुक्त राज्य अमेरिका वर्तमान में इसमें एक पर्यवेक्षक के रूप में शामिल होगा।
- इसका गठन 47 संयुक्त राष्ट्र सदस्य देशों से मिलकर हुआ है जो संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) द्वारा चुने (न कि नामित) जाते हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- संयुक्त राष्ट्र संघ मानवाधिकारों के संवर्द्धन और संरक्षण में भागीदार राज्यों के योगदान के साथ-साथ इस संबंध में उनके द्वारा की गई स्वैच्छिक प्रतिज्ञाओं और प्रतिबद्धताओं को भी ध्यान में रखता है।
- परिषद के सदस्यों का कार्यकाल तीन वर्ष का होता है और लगातार दो कार्यकाल की सेवा के बाद कोई भी सदस्य तत्काल पुन: चुनाव के लिये पात्र नहीं होता है। **अत: कथन 1 सही है।**

47. उत्तर: C

व्याख्या:

- हाल ही में भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान (Indian Institute of Horticultural Research- IIHR) द्वारा 'अर्क शुभ' (Arka Shubha) नामक गेंदे या मैरीगोल्ड की एक नई किस्म का विकास किया गया है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- अर्क शुभ में कैरोटीन की मात्रा लगभग 2.8% है (सभी मैरीगोल्ड्स के लिये कैरोटीन की मात्रा अधिकतम 1.4% तक है) जो सभी पादप स्रोतों में सबसे अधिक है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - अन्य किस्मों के विपरीत इस नई किस्म को पूर्ण रूप से खिलने के बाद खराब हो जाने पर भी कच्चे कैरोटीन के निष्कर्षण के लिये प्रयोग किया जा सकता है।
- कैरोटीन कैरोटीनॉयड वर्णक हैं जो ऑक्सीजन रहित होते हैं। कैरोटीन ज़्यादातर असंतृप्त हाइड्रोकार्बन होते हैं, जिनमें केवल कार्बन और हाइड्रोजन उपस्थित होता है। **अत: कथन 3 सही है।**

48. उत्तर: A

व्याख्या:

- दक्षिण चीन सागर, दक्षिण-पूर्व एशिया में स्थित पश्चिमी प्रशांत महासागर का हिस्सा है। यह चीन के दक्षिण और पूर्व में तथा वियतनाम के दक्षिण में, फिलीपींस के पश्चिम में एवं बोर्नियो द्वीप के उत्तर में स्थित है।
  - यह पूर्वी चीन सागर से ताइवान जलसंधि द्वारा और फिलीपीन सागर से लूज़ॉन (Luzon) जलसंधि से जुड़ा हुआ है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - सीमावर्ती देश (उत्तर से दक्षिण): चीन, ताइवान, फिलीपींस, मलेशिया, ब्रुनेई, इंडोनेशिया, सिंगापुर और वियतनाम।
  - सामरिक महत्त्व: इस सागर का हिंद महासागर और प्रशांत महासागर (मलक्का जलडमरूमध्य) के बीच संपर्क लिंक होने के कारण अत्यधिक रणनीतिक महत्त्व है।
- यहाँ के द्वीपों पर दावा:
  - पार्सल द्वीप समूह पर चीन, ताइवान और वियतनाम द्वारा दावा किया जाता है।
  - स्प्रैटली द्वीप समूह पर चीन, ताइवान, वियतनाम, ब्रुनेई और फिलीपींस द्वारा दावा किया जाता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

- स्कारबोरो सोल (Scarborough Shoal) द्वीप पर फिलीपींस, चीन और ताइवान द्वारा दावा किया जाता है।

49. उत्तर: C

व्याख्या:

- पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) द्वारा जारी वायनाड वन्यजीव अभयारण्य के आस-पास के क्षेत्र को पर्यावरण संवेदी क्षेत्र यानी इको-सेंसिटिव ज़ोन (ESZ) घोषित करने से संबंधित मसौदा अधिसूचना के खिलाफ वायनाड (केरल) में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है।
- केरल राज्य के वायनाड ज़िले में अवस्थित वायनाड वन्यजीव अभयारण्य, मुदुमलाई वन्यजीव अभयारण्य, बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान, नागरहोल राष्ट्रीय उद्यान, मुकुर्थी राष्ट्रीय उद्यान और साइलेंट वैली के साथ नीलगिरि बायोस्फीयर रिज़र्व का हिस्सा है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - इसका क्षेत्रफल 344.44 वर्ग किमी. है जिसमें चार वन रेंज सुल्तान बथेरी (Sulthan Bathery), मुथांगा (Muthanga), कुरिचिअट (Kurichiat) और थोलपेट्टी (Tholpetty) शामिल हैं।
  - कबिनी नदी (कावेरी नदी की एक सहायक नदी) अभयारण्य से होकर बहती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- नीलगिरि बायोस्फीयर रिज़र्व भारत का प्रथम बायोस्फीयर रिज़र्व था जिसे यूनेस्को द्वारा नामित विश्व नेटवर्क ऑफ बायोस्फीयर रिज़र्व्स (2012 में नामित) की सूची में शामिल किया गया था। **अत: कथन 3 सही है।**
- रिज़र्व के भीतर शामिल अन्य वन्यजीव पार्क: मुदुमलाई वन्यजीव अभयारण्य, बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान, नागरहोल राष्ट्रीय उद्यान, मुकुर्ती राष्ट्रीय उद्यान और साइलेंट वैली शामिल हैं।

50. उत्तर: D

व्याख्या:

- बाल्टिक सागर से लगे सीमा वाले देश हैं: डेनमार्क, एस्टोनिया, फिनलैंड, जर्मनी, लातविया, लिथुआनिया, पोलैंड, रूस, स्वीडन। नॉर्वे की सीमा बाल्टिक समुद्र से नहीं लगाती है। **अत: विकल्प D सही है।**

51. उत्तर: C

व्याख्या:

हिंदू-कुश हिमालयन (HKH) क्षेत्र

- HKH क्षेत्र अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, चीन, भारत, किर्गिज़स्तान, मंगोलिया, म्याँमार, नेपाल, पाकिस्तान, ताज़िकिस्तान और उज़्बेकिस्तान तक फैला हुआ है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह लगभग 5 मिलियन वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ क्षेत्र है जो एक बड़ी और सांस्कृतिक रूप से विविध आबादी का प्रतिनिधित्व करता है।
- इसे तीसरा ध्रुव की संज्ञा दी जाती है (उत्तर और दक्षिण ध्रुवों के बाद), जिसका जलवायु पर महत्त्वपूर्ण प्रभाव देखा जाता है।
- इसमें क्षेत्र में विशाल क्रायोस्फेरिक ज़ोन (जमे हुए पानी के हिस्से) अवस्थित है जो विश्व में ध्रुवीय क्षेत्र के बाहर बर्फ का सबसे विशाल भंडार है। **अत: कथन 2 सही है।**

52. उत्तर: C

व्याख्या:

- गगनयान भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (Indian Space Research Organisation- ISRO) का एक मिशन है।
- इस मिशन के तहत:
  - तीन अंतरिक्ष मिशनों को कक्षा में भेजा जाएगा।
  - इन तीन मिशनों में से 2 मानवरहित होंगे, जबकि एक मानव युक्त मिशन होगा।
- मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम, जिसे ऑर्बिटल मॉड्यूल कहा जाता है, में एक महिला सहित तीन भारतीय अंतरिक्ष यात्री होंगे। यह अंतरिक्ष में भारत का पहला मानव मिशन होगा। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- गगनयान के प्रमोचन हेतु तीन चरणों वाले GSLV Mk III का उपयोग किया जाएगा जो भारी उपग्रहों के प्रमोचन में सक्षम है। उल्लेखनीय है कि GSLV Mk III को प्रमोचन वाहन मार्क-3 (Launch Vehicle Mark-3 or LVM 3) भी कहा जाता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- यह देश में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के स्तर को बढ़ाने तथा युवाओं को प्रेरित करने में मदद करेगा।
  - गगनयान मिशन में विभिन्न एजेंसियों, प्रयोगशालाओं, उद्योगों और विभागों को शामिल किया जाएगा।
- यह औद्योगिक विकास में सुधार करने में मदद करेगा।
  - सरकार ने अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी भागीदारी को बढ़ाने हेतु किये जा रहे सुधारों के क्रम में हाल ही में एक नए संगठन IN-SPACe के गठन की घोषणा की है। **अत: कथन 3 सही है।**

53. उत्तर: A

व्याख्या:

- केंद्रीय बजट 2021 के तहत आगामी वित्तीय 2021-22 में दो सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और एक सामान्य बीमा कंपनी के निजीकरण की घोषणा की है।
- कई समितियों ने सार्वजनिक बैंकों में सरकारी हिस्सेदारी को 51 प्रतिशत तक सीमित करने का प्रस्ताव दिया है:
- नरसिम्हन समिति, 1998
  - प्रमुख बैंकों के विलय का उद्योगों पर 'गुणक प्रभाव' होगा।
  - भारतीय बैंकिंग प्रणाली में सुधार करने हेतु समिति ने पूंजी पर्याप्तता मानदंडों को बढ़ाने की सिफारिश की थी।
  - प्रबंधन और स्वामित्त्व के रूप में बैंकों पर सरकारी नियंत्रण और बैंकों की स्वायत्तता के बीच असंतुलन की जाँच करने के लिये एक पेशेवर कॉर्पोरेट रणनीति अपनाने हेतु बोर्डों के कार्यों की समीक्षा की जानी चाहिये।
- पी. जे. नायक समिति
  - कंपनी अधिनियम के अनुरूप सार्वजानिक क्षेत्र के बैंकों का कंपनी के गठन।
  - कंपनी अधिनियम के अधीन एक बैंक निवेश कंपनी (BIC) का गठन करना और PSBs में केंद्र सरकार की हिस्सेदारी को BIC को हस्तांतरित करना।
  - बैंक निवेश कंपनी (BIC) को PSBs के बोर्डों के नियंत्रण की शक्ति दी जानी चाहिये।
  - सभी शेयरधारकों को आनुपातिक मतदान का अधिकार और सरकारी हिस्सेदारी में 40% की कमी।
- अभिजीत सेन समिति (2002) भारत की दीर्घकालिक खाद्य नीति से संबंधित है।
- अभिजीत सेन समिति (2007) का गठन कृषि वस्तु की कीमतों (न कि बैंकिंग सुधार नहीं) पर वायदा कारोबार के प्रभाव का अध्ययन करने के लिये किया गया था। **अत: विकल्प A सही है।**

54. उत्तर: D

व्याख्या:

- अनुच्छेद 87 में राष्ट्रपति के लिये विशेष संबोधन का प्रावधान किया गया है। इसमें ऐसी दो स्थितियों का उल्लेख किया गया है जिनके तहत राष्ट्रपति द्वारा विशेष रूप से संसद के दोनों सदनों को संबोधित किया जाएगा। **अत: कथन 1 सही है।**
  - प्रत्येक आम चुनाव के पहले सत्र एवं वित्तीय वर्ष के पहले सत्र में राष्ट्रपति सदन को संबोधित करता है। **अत: कथन 3 सही है।**
  - राष्ट्रपति को सत्र आहूत करने के कारणों के बारे में संसद को सूचित करना होता है।
- इस तरह के संबोधन को 'विशेष संबोधन' कहा जाता है और यह एक वार्षिक विशेषता भी है।
  - इस प्रकार राष्ट्रपति द्वारा संसद के दोनों सदनों को एक साथ संबोधित किये जाने तक अन्य कोई कार्यवाही नहीं की जाती है।
- राष्ट्रपति का अभिभाषण सरकार की नीति का विवरण होता है, इसलिये अभिभाषण का प्रारूप सरकार द्वारा तैयार किया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

- यह संबोधन पिछले वर्ष के दौरान सरकार की विभिन्न गतिविधियों और उपलब्धियों की समीक्षा होती है तथा उन नीतियों, परियोजनाओं एवं कार्यक्रमों को निर्धारित किया जाता है जिन्हें सरकार महत्त्वपूर्ण राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों के संबंध में आगे बढ़ाने की इच्छा रखती है।

55. उत्तर. C

व्याख्या:

- हाल ही में ब्रेंट क्रूड आयल की कीमत एक साल के बाद 60 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के स्तर को पार कर गई है। ब्रेंट क्रूड आयल की कीमत में वृद्धि तेल उत्पादक देशों द्वारा उत्पादन में कटौती और कोविड-19 का टीका आने के बाद वैश्विक मांग में सुधार की उम्मीद के कारण देखी गई है।
- तेल की कीमत में वृद्धि का भारत पर प्रभाव:
  - चालू खाता घाटा: देश के आयात बिल में तेल की कीमतों में वृद्धि से बढ़ोतरी होगी, जिससे चालू खाता घाटा (Current Account Deficit) और बढ़ जाएगा। अत: कथन 1 सही है।
    - तेल बिल में प्रतिवर्ष कच्चे तेल की कीमत में एक डॉलर की बढ़ोतरी से लगभग 1.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर की वृद्धि होती है।
    - भारत अपनी कच्चे तेल की ज़रूरतों का 80% हिस्सा आयात करता है और भारत में जनवरी 2021 से कच्चे तेल की कीमत 54.8 डॉलर प्रति बैरल हो गई है।
- तेल की कीमतें ऐसे ही बढ़ती रहीं तो सरकार को पेट्रोलियम और डीज़ल पर करों में कटौती करने के लिये मजबूर होना पड़ेगा, जिससे राजस्व का नुकसान हो सकता है। अत: राजकोषीय संतुलन (Fiscal Balance) बिगड़ सकता है।
- भारत को तेल की कीमतों में बढ़ोतरी से लाभ भी हो सकता है।
  - भारतीय तेल और गैस कंपनियों के मूल्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। सरकार को भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड में विनिवेश (Disinvestment) से अधिक राशि प्राप्त हो सकती है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - भारतीयों द्वारा फारस की खाड़ी से भेजी जाने वाली धनराशि बढ़ सकती है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

56. उत्तर: A

व्याख्या:

- 'द लैंसेट काउंटडाउन ऑन हेल्थ एंड क्लाइमेट चेंज' का प्रकाशन वार्षिक तौर पर किया जाता है, यह एक अंतर्राष्ट्रीय और बहु-विषयक सहयोग है, जो मुख्य तौर पर जलवायु परिवर्तन की बढ़ती स्वास्थ्य प्रोफाइल की निगरानी करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - इसका प्रकाशन वार्षिक आधार पर किया जाता है जो पेरिस समझौते के तहत विश्व भर में सरकारों द्वारा की गई प्रतिबद्धताओं के अनुपालन का स्वतंत्र मूल्यांकन प्रदान करता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- विश्व की आबादी का 50% और उत्सर्जन का 70% का प्रतिनिधित्व ब्राज़ील, चीन, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, नाइजीरिया, दक्षिण अफ्रीका, यूनाइटेड किंगडम और अमेरिका (रूस शामिल नहीं) द्वारा किया जाता है।
- 'द लैंसेट काउंटडाउन ऑन हेल्थ एंड क्लाइमेट चेंज' (The Lancet Countdown on Health and Climate Change) के नए शोध में ग्लोबल वार्मिंग को '2 डिग्री सेल्सियस' तक सीमित करने के पेरिस समझौते के अनुरूप जलवायु योजनाओं- राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (Nationally Determined Contributions- NDC) को अपनाने से होने वाले स्वास्थ्य लाभों पर प्रकाश डाला गया है।

57. उत्तर: (C)

व्याख्या

- दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के तहत बेंचमार्क विकलांगता का आशय अधिनियम के तहत मान्यता प्राप्त किसी भी प्रकार की विकलांगता के कम-से-कम 40 प्रतिशत से प्रभावित होने से है।
- अधिनियम के तहत विकलांगों के प्रकार 7 से बढ़ाकर 21 कर दिये गए हैं:
  - इस अधिनियम के दायरे में मानसिक बीमारी; ऑटिज्म; स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर; सेरेब्रल पाल्सी; मस्कुलर डिस्ट्रॉफी; क्रोनिक न्यूरोलॉजिकल विकार; भाषा संबंधी विकार; थैलेसीमिया; हीमोफिलिया; सिकल सेल डिज़ीज़; मल्टीपल डिसएबिलिटी जैसे- डेथ ब्लाइंडनेस; एसिड अटैक पीड़ित और पार्किंसन्स रोग आदि शामिल हैं। ये सभी पूर्व के अधिनियम में शामिल नहीं थे। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- इसके तहत सरकारी नौकरियों में विकलांग लोगों के लिये आरक्षण की मात्रा 3 प्रतिशत से बढ़ाकर 4 प्रतिशत और उच्च शिक्षा संस्थानों में 3 प्रतिशत से 5 प्रतिशत कर दी गई है। **अत: कथन 2 सही है।**

58. उत्तर: D

व्याख्या:

- प्रौद्योगिकी सूचना, पूर्वानुमान और मूल्यांकन परिषद (TIFAC) ने समुद्री शैवाल मिशन (Seaweed Mission) की शुरुआत की है।
- समुद्र में कृषि, उद्योग, मत्स्य पालन और घरों से निकलने वाला कचरा शैवाल प्रस्फुटन, समुद्री रासायनिक क्षति आदि का कारण बनता है। समुद्री शैवाल अतिरिक्त पोषक तत्त्वों को अवशोषित करते हैं और पारिस्थितिकी तंत्र को संतुलित करते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- मन्नार की खाड़ी (Gulf of Mannar) में चट्टानी अंतर-ज्वारीय क्षेत्र और निचले अंतर-ज्वारीय क्षेत्रों में कई समुद्री प्रजातियों की समृद्ध आबादी है। **अत: कथन 2 सही है।**
- जलीय जीव आयरन पर प्रकाश संश्लेषण की क्रिया पर बहुत अधिक निर्भर रहते हैं। जब इस खनिज की मात्रा खतरनाक स्तर तक बढ़ जाती है तो समुद्री शैवाल इसका अवशोषण करके समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान से बचा लेते हैं। समुद्री शैवालों द्वारा समुद्री पारिस्थितिक तंत्र में पाए जाने वाले अधिकांश भारी धातुओं को अवशोषित कर लिया जाता है। **अत: कथन 3 सही है।**

59. उत्तर: A

व्याख्या:

- SAKSHAM (श्रम शक्ति मंच) जॉब पोर्टल को प्रौद्योगिकी सूचना, पूर्वानुमान और मूल्यांकन परिषद (TIFAC) द्वारा शुरू किया गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- TIFAC का गठन फरवरी 1988 में 'विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग' के तहत एक स्वायत्त निकाय के रूप में किया गया। यह भारत में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का आकलन करने और महत्त्वपूर्ण सामाजिक-आर्थिक क्षेत्रों में भविष्य के तकनीकी विकास की दिशा निर्धारित करने का कार्य करता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

60. उत्तर: (D)

व्याख्या

- हाल ही में 'अंतर-राज्य प्रवासी श्रमिकों के लिये सामाजिक सुरक्षा और कल्याण के उपाय' संबंधी अपनी रिपोर्ट में श्रम पर संसदीय स्थायी समिति ने अंतर-राज्य प्रवासी मज़दूरों समेत सभी ग्रामीण अकुशल श्रमिकों को स्थायी आजीविका प्रदान करने के लिये 'महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी योजना (MGNREGS) की प्रशंसा की है।
- महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी योजना (MGNREGS) विश्व में सबसे बड़े रोज़गार गारंटी कार्यक्रमों में से एक है। इसे 2 फरवरी, 2006 को लॉन्च किया गया था।
  - योजना का प्राथमिक उद्देश्य प्रत्येक वित्तीय वर्ष में ग्रामीण परिवार के ऐसे वयस्क सदस्यों को सार्वजनिक अकुशल कार्य के लिये 100 दिनों के रोज़गार की गारंटी देना है।
- कार्य का कानूनी अधिकार
  - पूर्व की रोज़गार गारंटी योजनाओं के विपरीत इस अधिनियम का उद्देश्य अधिकार आधारित ढाँचे के माध्यम से गरीबी जैसे गंभीर विषयों को संबोधित करना है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - इसमें कम-से-कम एक-तिहाई महिला लाभार्थी होना अनिवार्य है।
  - न्यूनतम मज़दूरी अधिनियम, 1948 के तहत राज्य में खेतिहर मज़दूरों के लिये निर्दिष्ट वैधानिक न्यूनतम मज़दूरी के अनुसार, मजदूरी का भुगतान किया जाना चाहिये। **अत: कथन 2 सही है।**
- मनरेगा के डिज़ाइन का सबसे महत्त्वपूर्ण हिस्सा किसी भी ग्रामीण वयस्क को मांग के 15 दिनों के भीतर काम पाने की कानूनी रूप से समर्थित गारंटी प्रदान करना है, इसमें विफल रहने पर 'बेरोज़गारी भत्ता' दिये जाने का भी प्रावधान है।
  - यह मांग-संचालित योजना श्रमिकों के आत्म-चयन को सक्षम बनाती है।

नोट :

- कार्यों की योजना बनाने और उन्हें लागू करने में पंचायती राज संस्थानों (PRI) को महत्त्वपूर्ण भूमिका देकर विकेंद्रीकरण की प्रक्रिया को मज़बूत करने पर ज़ोर दिया गया है।
  - यह अधिनियम ग्राम सभाओं को उन कार्यों की सिफारिश करने के लिये बाध्य करता है जिन्हें किया जाना शेष है, साथ ही कम-से-कम 50% कार्यों को उनके द्वारा निष्पादित किया जाना अनिवार्य है। **अत: कथन 3 सही है।**

61. उत्तर: C

व्याख्या:

- हाल ही में केंद्र सरकार ने ओडिशा के पुरी में स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर के लिये राष्ट्रीय स्मारक प्राधिकरण (National Monuments Authority- NMA) द्वारा जारी की गई विरासत उपविधि को वापस ले लिया है।
- ऐसी मान्यता है कि इस मंदिर का निर्माण 12वीं शताब्दी में पूर्वी गंग राजवंश (Eastern Ganga Dynasty) के राजा अनंतवर्मन चोडगंग देव द्वारा किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- पुरी (ओडिशा) स्थित जगन्नाथ मंदिर को "सफेद पैगोडा" कहा जाता था और यह चारधाम तीर्थयात्रा (बद्रीनाथ, द्वारका, पुरी, रामेश्वरम) का एक हिस्सा है। **अत: कथन 2 सही है।**

62. उत्तर: (A)

व्याख्या

- विश्व खाद्य सुरक्षा समिति (CFS) सभी हितधारकों की खाद्य सुरक्षा और पोषण सुनिश्चित करने हेतु एक साथ काम करने के लिये सबसे महत्त्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय और अंतर-सरकारी मंच है।
- यह समिति आर्थिक एवं सामाजिक परिषद (ECOSOC) के माध्यम से संयुक्त राष्ट्र (UN) महासभा को और खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) सम्मेलन को रिपोर्ट करती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- विश्व खाद्य सुरक्षा समिति (CFS) द्वारा 'खाद्य और कृषि संगठन' के रोम स्थित मुख्यालय में प्रत्येक वर्ष अक्तूबर माह में एक वार्षिक सत्र का आयोजन किया जाता है।
- विश्व खाद्य सुरक्षा समिति को 'खाद्य और कृषि संगठन', 'इंटरनेशनल फंड फॉर एग्रीकल्चरल डेवलपमेंट' (IFAD) और 'वर्ल्ड फूड प्रोग्राम' (WFP) द्वारा समान रूप से वित्तपोषित किया जाता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

63.उत्तर: D

व्याख्या:

- हाल ही में एक रोबोट द्वारा केरल की प्रसिद्ध मंदिर कला थोलपावाकुथु में एक चमड़े की छाया कठपुतली तैयार की गई है।
- यह केरल की एक पारंपरिक मंदिर कला है जो पलक्कड़ और इसके पड़ोसी क्षेत्रों से संबंधित है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - यह कला काफी हद तक पलक्कड़ ज़िले के शोरानूर क्षेत्र के पुलवार परिवारों तक ही सीमित है।
- केरल की प्राचीन कलाकृतियों में थोलपावाकुथु या छाया कठपुतली नाटक का प्रमुख स्थान है। यह आर्य और द्रविड़ संस्कृतियों के एकीकरण का एक अच्छा उदाहरण है। **अत: कथन 3 सही है।**
- यह पलक्कड़ ज़िले के काली मंदिरों में वार्षिक उत्सवों के दौरान निभाई जाने वाली एक रस्म है।
- इसे निज़लकुथु (Nizhalkkoothu) और ओलाकुथू (Olakkoothu) के रूप में भी जाना जाता है।
- नाटक का विषय 'कंब रामायण' (महाकाव्य का तमिल संस्करण) पर आधारित है। **अत: कथन 2 सही है।**

64. उत्तर: A

व्याख्या:

- विश्व सतत् विकास शिखर सम्मेलन (World Sustainable Development Summit) ऊर्जा और संसाधन संस्थान (TERI) का प्रमुख वार्षिक कार्यक्रम है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - इसे पहले दिल्ली सतत् विकास शिखर सम्मेलन के रूप में जाना जाता था।

नोट :

- TERI वर्ष 1974 में स्थापित एक गैर-लाभकारी अनुसंधान संस्थान है। यह भारत और ग्लोबल साउथ के लिये ऊर्जा, पर्यावरण तथा सतत् विकास के क्षेत्र में अनुसंधान कार्य करता है।

- इसकी अवधारणा सतत् विकास और जलवायु परिवर्तन की दिशा में लक्षित कार्रवाई में तेज़ी लाने के लिये एकल मंच के रूप में की गई है।
  - इसका उद्देश्य सतत् विकास, ऊर्जा और पर्यावरण क्षेत्र से संबंधित वैश्विक नेताओं और विद्वानों को एक साझा मंच उपलब्ध कराना है।

अत: कथन 2 सही है।

- हाल ही विश्व सतत् विकास शिखर सम्मेलन (World Sustainable Development Summit) का आयोजन किया गया था।
  - इस शिखर सम्मेलन का विषय: अपने साझा भविष्य को पुनर्परिभाषित करना: सभी के लिये संरक्षित और सुरक्षित वातावरण' (Redefining our common future: Safe and Secure Environment for All) था।

65. उत्तर: C

व्याख्या:

- छाया कठपुतली को विश्व की सबसे पुरानी कठपुतली के रूप में जाना जाता है। भारत में छाया कठपुतली के क्षेत्रीय नाम इस प्रकार हैं-

राज्य	नाम
आंध्र प्रदेश	थोलू बोम्मलता
कर्नाटक	तोगलु गोमेयाता
महाराष्ट्र	चर्मा बहुली नाट्य
ओडिशा	रावनछाया
केरल	थोलपावाकुथु
तमिलनाडु	थोल बोम्मलता

अत: विकल्प (c) सही है।

नोट :